"राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार"

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 113 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रुपए वीरवार, 24 अप्रैल 2025 samachargate@gmail.com





मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पहलगाम आतंकी हमले को बताया निंदनीय

## हमले में मारे गए आम नागरिकों को मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री ने हरियाणा की पहली 'कम्प्लीट स्ट्रीट्स' का किया पैदल निरीक्षण

समाचार गेट/संजय शर्मा

**गुरुग्राम।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि देश ऐसे कठिन समय में एकजुट है और आतंकवाद से डरने या झुकने वाला नहीं है। मुख्यमंत्री ने हमले में मारे गए आम नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा की यह कायराना हरकत है, जिसने निर्दोष लोगों की जान ली। नागरिकों का बलिदान सदैव स्मरण रहेगा और हम उनके परिवारों के साथ खड़े रहेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले श्री विनय नरवाल के परिजनों से भी बात की। मुख्यमंत्री ने परिवार के साथ दुख साझा किया और कहा कि हरियाणा सरकार दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम के उद्योग विहार सेक्टर-18 में हरियाणा की पहली 'कम्प्लीट स्ट्रीट्स' का पैदल निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि 'कम्प्लीट स्ट्रीट्स' राज्य सरकार की



उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसमें हर वर्ग, बच्चा, बुजुर्ग, महिला या दिव्यांग, को शहर में सम्मानपूर्वक और सुरक्षित रूप से चलने का अधिकार मिलना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता केवल बुनियादी ढाँचे का निर्माण नहीं, बल्कि मानवीय विकास है। गुरुग्राम की इन सड़कों पर पैदल चलना, साइकिल चलाना, या बस पकड़ना अब केवल एक ज़रूरत नहीं, बल्कि एक सुखद अनुभव होगा। यह परियोजना दिखाती है कि जब सरकार, निजी क्षेत्र और सामाजिक संस्थाएं एक साथ आते हैं, तो हम कितने अद्भुत और स्थायी बदलाव ला सकते हैं। यह 'कम्प्लीट स्ट्रीट्स' मॉडल केवल हरियाणा नहीं, बल्कि पूरे भारत के लिए एक उदाहरण बनेगा।

यह 'कम्प्लीट स्ट्रीट्स' परियोजना उद्योग विहार की सनथ रोड और गली नंबर-7 पर लागू की गई है, जो कुल 2.4 किलोमीटर लंबी और 30 मीटर चौड़ी है। यह सड़क पुरानी दिल्ली रोड को एयरटेल कार्यालय (ह॥ 48) से जोड़ती है। परियोजना की कुल लागत लगभग 23 करोड़ रुपये रही, जिसमें जीएमडीए, एमसीजी, डीएचबीवीएन और राहगीरी फाउंडेशन ने मिलकर योगदान दिया। इस परियोजना में राहगीरी फाउंडेशन के साथ-साथ नगरो, मारुति सुजुकी और सेफएक्सप्रेस जैसी कंपनियों ने भी भागीदारी की, जिससे सरकारी और निजी क्षेत्रों के सहयोग की एक प्रेरणादायक मिसाल पेश की गई।

पैदल यात्रियों के लिए चौड़े और छायादार फुटपाथ, साइकिल चालकों के लिए सुरक्षित ट्रैक, वर्षा जल संरक्षण के लिए बायोसवेल्स, और 700 पुराने पेड़ों का संरक्षण किया गया है। साथ ही 20,000 से अधिक फूलों के पौधे लगाए गए हैं। सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चार प्रशिक्षित स्ट्रीट मार्शल भी 24 घंटे तैनात हैं। यह मॉडल आने वाले समय में पूरे हरियाणा और देश के अन्य शहरों के लिए एक प्रेरणा बनेगा।

## जनता के प्रति हमारी जवाबदेही, समस्याओं का स्वतः संज्ञान ले करें समाधान : नायब सिंह सैनी

समाचार गेट/नरवीर यादव

**गुरुग्राम।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हम सबकी जनता के प्रति जवाबदेही है। उनकी बात सुनना और काम करना हमारी जिम्मेवारी है। जनमानस की समस्याओं पर स्वत: संज्ञान लिया जाए तो उनका समाधान भी शीघ्रता से होगा। उन्होंने बुधवार को गुरुग्राम के स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद हॉल में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने मुख्यमंत्री का गुरुग्राम आगमन पर स्वागत किया। बैठक में पटौदी की विधायक बिमला चौधरी, सोहना के विधायक तेजपाल तंवर और गुरुग्राम के विधायक मुकेश शर्मा भी मौजूद रहे। नायब सिंह सैनी ने बैठक से पहले दो मिनट का मौन धारण कर जम्मू कश्मीर में एक दिन पहले हुई आतंकी घटना के मृतकों को श्रद्धांजलि दी। जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में 19 परिवाद रखे गए, मुख्यमंत्री ने 18 परिवादों का निपटारा करते हुए एक मामले को आगामी बैठक तक लंबित रखने के निर्देश दिए और संबंधित अधिकारियों से आगामी बैठक में स्टेट्स रिपोर्ट लेकर आने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता को किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं आनी चाहिए।



शहर में स्वच्छता की तरफ़ विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि गुरुग्राम को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके।

**शहर की विकास में नही रहनी चाहिए संसाधनों की कमी**

मुख्यमंत्री ने बैठक में सेक्टर 29 संथित लेजर वैली ग्राउंड में सी एंड वेस्ट के उठान से संबंधित व डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के संदर्भ में निगमायुक्त को एचकेआरएनएल से अतिरिक मैनपॉवर भर्ती करने के निर्देश देते हुए कहा कि गुरुग्राम को एक सुंदर व स्वच्छ तथा सुव्यवस्थित शहर बनाना सरकार की प्राथमिकता है। ऐसे में निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति में संसाधनों की कमी नही रहनी चाहिए।

**बेगमपुर खटोला में सीवर फ्लो की समस्या पर कार्यकारी अभियंता पर कार्रवाई के निर्देश**

मुख्यमंत्री ने बैठक में गांव बेगमपुर खटोला से संबंधित सीवर ओवरफ्लो की शिकायत पर शिकायत के निवारण तथा सीवर ओवरफ्लो के लिए दोषी औधोगिक इकाइयों पर कार्रवाई ना करने पर नगर निगम के कार्यकारी अभियंता पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी जनता की समस्याओं के निवारण की अपनी कार्यशैली में बदलाव करें अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहे। उन्होंने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस कार्य को 3 सप्ताह में पूरा कर संबंधित क्षेत्र की अपडेटेड फ़ोटो उनके कार्यालय भिजवाना सुनिश्चित करें।

**गाँव कादरपुर में बुजुर्ग की जमीन पर कब्जे की शिकायत पर खरीदार व बेचने वाले पर दर्ज होगी एफआईआर**

बैठक में गांव कादरपुर से आए एक बुजुर्ग शिकायकर्ता ने बताया कि उनके भाई ने पैतृक जमीन में से अपना हिस्सा बेच दिया है। लेकिन खरीदार के साथ मिलकर उसकी जमीन पर नाजायज रूप से कब्जा किया गया है। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नही की गई है। मुख्यमंत्री ने बुजुर्ग की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए पुलिस अधिकारियों को खरीदार तथा जमीन बेचने वाले दोनों व्यक्तियों पर एफआईआर दर्ज करने तथा संबंधित तहसीलदार को रेवेन्यू से सम्बंधित कार्रवाई में तीव्र गति से प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सोहना क्षेत्र से संबंधित एक किसान के खेत मे बने कमरे को तोडक़र अवैध कब्जे की शिकायत पर एसडीएम को 10 दिनों के भीतर कब्जा दिलवाने व जांच में लापरवाही बरतने वालों पर कारवाई करने के निर्देश दिए।

**मुख्यमंत्री ने बरसात से पूर्व जिला के सभी 404 रेन वाटर हार्वेस्टिंग की सफाई करने के दिए निर्देश**

मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम में जलभराव तथा रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की सफाई ना होने की शिकायत पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित विभाग जिला के सभी 404 रेन वाटर हार्वेस्टिंग की सफाई बरसात से पहले करवाना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने इस दौरान सेक्टर 4 से संबंधित विकास कार्यों को लेकर अगली बैठक तक की समय सीमा निर्धारित की।

## जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता 26 को

समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता 26 को होगी। वजन का समय सुबह 10 से 11 बजे । 11 बजे के बाद कुश्ती शुरू हो जाएगी। वजन मे 1 केजी की छूट रहेगी। इस प्रतियोगिता का आयोजन श्री जगरूप राठी अंतरराष्ट्रीय कुश्ती अकेडमी, सेक्टर 31 में किया जाएगा। लडकों के लिए भारवर्ग 61, 74, 125 किलोग्राम रहेंगे, एवं लडकियों के लिए 53, 62 और 76 किलो रहेंगे। यह जानकारी कुश्ती कोच सोनिया मोर व कुश्ती कोच अमित ने दी। प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी के लिए 9996856985 पर संपर्क कर सकते हैं।

## जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा कायरतापूर्ण व बर्बरतापूर्ण हमले की मजम्मत करता हूँ : जाकिर हुसैन

समाचार गेट/अनिल मोहनियां



**नूंह।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा कायरतापूर्ण व बर्बरतापूर्ण हमले की मजम्मत करता हूँ। इस घटना से पूरे देश में गम का माहौल है। ये दिल दहला देने वाली घटना है। इस घटना में खासतौर पर मासूम हिंदू पर्यटकों को निशाना बनाया गया है जिससे पूरे देश में अफरा-तफरी का माहौल है। आतंकवाद का कोई धर्म-मजहब नहीं होता। वो सिर्फ इंसानियत के नाम पर कलंक हैं। हम केंद्र सरकार से माँग करते हैं कि जल्द से जल्द इन आतंकवादियों को पकड़कर इन्हें फाँसी की सजा दी जाए, जिससे पीडतिों के परिवारों के गम कुछ कम हो सकें, उन्हें न्याय मिल सके। सभी पीड़ति परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं और उनके साथ मेरी दुआएं हैं। दु:ख की इस घड़ी में पूरा देश आतंकवादियों के खिलाफ एकजुट है और पीड़ति परिवारों के साथ खड़ा है। हम अल्लाह तआला से दुआ करते हैं कि इस घटना में जो घायल हुए हैं वो जल्द से जल्द सेहतयाब होकर अपने घर लोटें।

## हरियाणा क्रिकेट अकादमी ने गुलाब क्रिकेट अकादमी 3 विकेट से हराया

समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** एक्स अंडीफिटेड आर्मी 8ह्ह्द्ध ऑल इंडिया रविंद्र फागना -17 डेनाइट क्रिकेट टूर्नामेंट रविंद्र फागना क्रिकेट भूमि ग्राउंड फरीदाबाद पर खेला गया यह मैच गुलाब क्रिकेट अकादमी और हरियाणा क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। इस मैच मैं हरियाणा क्रिकेट अकादमी ने गुलाब क्रिकेट अकादमी 3 विकेट से हराया, यह मैच 40 ओवर का था और गुलाब क्रिकेट अकादमी ने पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। गुलाब क्रिकेट अकादमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 33 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 205 रन का लक्ष्य दिया। गुलाब क्रिकेट अकादमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए देवांग शर्मा ने 55 गेंदों पर 9 चौके, 2 छक्के की



मदद से 70 रन, तन्मय बलौदा ने 40 गेंदों पर 8 चौके की मदद से 52 रन बनाए। हरियाणा क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए वंश प्रसार ने 7 ओवर में 1 मेडन 32 रन देकर 3 विकेट, पीयूष, करन शिरा ने 22 विकेट, और लव बुधवार ने 1 विकेट हासिल किया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए हरियाणा क्रिकेट अकादमी ने 36.1 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 206 रन बनाकर जीत हासिल की।

हरियाणा क्रिकेट अकादमी की और से बल्लेबाजी करते हुए पीयूष ने 56 गेंद पर 7 चौके की मदद से 48 रन, लव बुधवार और आयुष लकरा ने 4545 रन बनाए। गुलाब क्रिकेट अकादमी की ओर से अभिषेक चौहान ने 8 ओवर में 1 मेडन 44 रन देकर 4 विकेट, तन्मय बलौदा ने 8 ओवर में 43 रन देकर 2 विकेट ओर कर्मण्या शर्मा ने 1 विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच पीयूष व फाइटर ऑफ द मैच अभिषेक चौहान को घोषित किया गया।

## पंचकूला में आज होगा राज्य स्तरीय ग्राम उत्थान सम्मेलन, मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन

समाचार गेट/ब्यूरो



**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार द्वारा राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेश की पंचायती राज संस्थाओं को अधिक सक्षम और जनहितकारी बनाने के उद्देश्य से 24 अप्रैल, 2025 को पंचकूला संथित ताऊ देवीलाल स्टेडियम में राज्य स्तरीय ग्राम उत्थान सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस महत्त्वपूर्ण सम्मेलन में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार करेंगे। यह सम्मेलन कई मायनों में खास होगा। एक ओर जहां इस सम्मेलन में पंचायतों की कार्यप्रणाली, फंड के उपयोग और विकास कार्यों की रियल-टाइम जानकारी के संबंध में जानकारी मिलेगी, वहीं सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों को भी बड़ा तोहफा मिलेगा। इस सम्मेलन के दौरान ही, मुख्यमंत्री द्वारा मार्च महीने में पहचान किए गए 41,591 नए लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का वितरण भी किया जाएगा। यह कदम प्रदेश के पात्र व्यक्तियों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने की दिशा में एक और मजबूत प्रयास है। गौरतलब है कि, वर्तमान में हरियाणा सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की सामाजिक कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत 34,95,507 पात्र लाभार्थियों को पेंशन / वित्तीय सहायता का लाभ पीएफएमएस के माध्यम से सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में प्रदान किया जा रहा है।

## पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले की घोर निंदा की



समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में धर्म के नाम पर आतंकवादियों के द्वारा कायरतापूर्ण ,अमानवीय,घिनोने कृत्य की घोर निंदा करते है। मासूम पर्यटकों के साथ जो ये घटना घटित हुई है वे एक शर्मनाक घटना है । जो मानवता के नाम पर कलंक है। उक्त विचार सर्वजातीय सेवा समिति के उपाध्यक्ष रजत जैन व नितिन दुबे ने संयुक्त रूप से शोक प्रकट करते हुए कहा की ये घटना माफी के लायक नहीं है। इस घटना ने मानवता को शर्मसार किया है मासूम लोगों की धर्म पूछ पूछ कर बर्बरता से हत्या की है। इस अमानवीय घटना को अंजाम देने वाले इंसानियत के दरिंदों को इसकी माफी ना तो नीचे है ना ही उन्हें ऊपर मिलेगी। रजत ने कहा की दिवंगत आत्माओं को परमपिता परमात्मा शांति प्रदान कर उत्तम से उत्तम स्थान प्रदान करें, घायलों को यथाशीघ्र जल्द से जल्द स्वास्थ्य लाभ हो।पीड़ति परिवारों के साथ इस दु:ख की घड़ी में पूरा देश उनके साथ खड़ा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग है ।की ऐसे घिनौने कृत्य को अंजाम देने वाली दरिन्दों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करें ताकि ऐसी घटना की भविष्य में पुनावृत्ति ना हो।

## जम्मू कश्मीर में कायरतापूर्ण हमले के दोषियों को मिले सख्त सजा : आफताब अहमद

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में कायरतापूर्ण हमले की कड़ी निंदा करते हुए कांग्रेस के नूंह विधायक चौधरी आफताब अहमद ने मांग की है कि जम्मू कश्मीर में कायरतापूर्ण हमले के दोषियों को सख्त सजा मिलनी चाहिए। विधायक आफताब अहमद ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि पूरा देश इस बर्बर हमले से स्तब्ध है। यह घटना न केवल अमानवीय है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी गंभीर चुनौती है। उन्होंने



केंद्र सरकार से मांग की है कि आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और इस हमले के पीछे की साजिश को बेनकाब किया जाए। विधायक आफताब अहमद ने तत्काल न्याय सुनिश्चित करने की मांग करते हुए कहा कि निर्दोष लोगों की हुई मौत बेहद दु:खद, दुर्भाग्यपूर्ण व अमानवीय है। दु:ख की इस घड़ी में पूरा देश आतंकवादियों के खिलाफ एकजुट है और पीड़ति परिवारों के साथ खड़ा है। उन्होंने घटना में घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।






# उत्तर प्रदेश समाचार



## तलवार, त्रिशूल और फरसा लेकर पहुंचे प्रदर्शनकारी

### पहलगाम के आतंकी हमले का लखनऊ में चौतरफा विरोध, संत बोले- यह धार्मिक लड़ाई है










लखनऊ। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले का लखनऊ में जोरदार विरोध किया जा रहा है। विभिन्न सामाजिक संगठनों, व्यापारियों और धर्मगुरु इसकी निंदा कर रहे हैं। हजरतगंज समेत शहर के विभिन्न इलाकों में पाकिस्तान का पुतला जलाया जा रहा है। लोग विरोध मार्च निकाल रहे हैं। लगातार इसके खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। विश्व हिंदू रक्षा परिषद ने पाकिस्तान का पुतला जलाया। अखिल भारतीय हिंदू महासभा ने घटना के विरोध में हजरतगंज स्थित गांधी प्रतिमा पर पुतला जलाया और विरोध किया। आदर्श व्यापारी एसोसिएशन इंदिरा नगर द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। पुराने लखनऊ में घंटाघर से रूमी गेट तक कैंडल मार्च निकाला गया।अखिल भारतीय हिंदू महासभा के बैनर तले हजरतगंज में हो रहे प्रदर्शन में प्रदर्शनकारी त्रिशूल, तलवार और फरसा लेकर पहुंचे हैं। बच्चे भगवा झंडा लेकर शामिल हुए हैं। प्रदर्शनकारी घटना को लेकर बहुत आक्रोशित हैं। पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। देश को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की मांग कर रहे हैं। संत समाज भी लखनऊ में प्रदर्शन कर रहा है। सभी सरदार पटेल की प्रतिमा पर प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह धार्मिक लड़ाई है। अब धर्म युद्ध करना जरूरी हो गया है। विश्व हिंदू रक्षा परिषद के पदाधिकारी और कार्यकर्ता हजरतगंज जीपीओ पर कैंडल मार्च निकाल कर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

नवाब मसूद अब्दुल्ला और शिया धर्मगुरु मौलाना सैफ अब्बास ने लोगों से इस घटना के विरोध में आवाज उठाने की अपील की। आदर्श व्यापार मंडल मशाल जलाकर आतंकी घटना का विरोध कर रहा है।

व्यापारियों ने किया विरोधव्यापारियों ने हजरतगंज में आतंकवाद के पुतले को लात-घूसा चप्पल से पीटा। आतंकवाद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस पर रोक लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की। समाजवादी छात्र सभा के कार्यकताओं ने परिवर्तन चौक पर कश्मीर के आतंकी हमले का विरोध किया। मृतकों को श्रद्धांजलि दी।उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारी जोरदार प्रदर्शन कर रहे हैं। व्यापारियों ने कहा कि मोदी हमला करो, हम आपके साथ हैं। प्रदर्शन कर रहे व्यापारी विधान सभा की ओर बढ़ रहे हैं।

आतंकी हमले के विरुद्ध

## नपाअध्यक्ष किरन राकेश जायसवाल के नेतृत्व में हुआ विरोध प्रदर्शन

संवाददाता



कुशीनगर। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में नगरपालिका अध्यक्ष किरन राकेश जायसवाल के नेतृत्व में सभासदों एवं नगरवासियों ने विरोध प्रदर्शन कर कैंडिल जलाया। नगर के शहीद स्मारक पार्क से नपाप अध्यक्ष के नेतृत्व में निकले लोगों ने आतंकबाद मुदार्बाद का नारा लगाते शहीद मेजर अमिय त्रिपाठी चौक से होते हुए गांधी चौक जाकर पुनः शहीद पार्क आये। इस दौरान आतंकवाद मुदार्बाद के नारे लगाए गए। शहीद स्मारक पार्क में कैंडिल जलाकर इस घटना में मारे गए पर्यटकों की आत्मा की शांति की प्रार्थना की गई। यहां अध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री से आतंकवादियों को जड़ से कुचलने की मांग की। इस दौरान केशव सिंह, मुन्ना शर्मा,राजेश मद्धेशिया, पवन जायसवाल, टिंकू मिश्र, साबिर अली, शमशुल हक, राकेश यादव, गुड्डू कुशवाहा, अमेरिकन पटेल,बृजेश चौहान, श्याम चौहान, दुर्गेश शर्मा,विनय कुमार गौतम, स्वतंत्र कुमार,राजेश श्रीवास्तव, श्रवण तिवारी, उग्रसेन कुमार,राहुल सोनी,राधे यादव, ममता ,कंचन, संजय, रवि पांडेय, रिंकी यादव,हरिंदर यादव, संजय प्रकाश भारतीय, हरेंद्र जायसवाल सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## हमीरपुर की राठ पुलिस ने जुआरियों को एक लाख बारह हजार रुपये के साथ किया गिरफ्तार

संवाददाता



हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर की राठ पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत 8 अभियुक्तों को हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये 59 वर्षीय राजेन्द्र गुप्ता के मकान के अन्दर जलालपुर रोड़ से गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। राठ पुलिस ने मौके से एक लाख बारह हजार रुपये के साथ ही ताश के बावन पत्ते बरामद करने में कामयाबी हासिल की। वही राठ पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ मु0अ0सं0 182/2025 धारा 3/4 सार्वजनिक जुआ एकट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पकड़े गये जुआरियों 50 वर्षीय धनपत सिंह पुत्र जगन्नाथ निवासी पठानपुरा राठ हमीरपुर, 33 वर्षीय मोहित कुमार पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम कुल्हेडा मझगवां हमीरपुर, 45 वर्षीय नीरज कुमार पुत्र छविलाल निवासी बुधौलियाना राठ हमीरपुर, 55 वर्षीय सुरेश पुत्र रघुनाथ निवासी पठानपुरा राठ हमीरपुर, 26 वर्षीय अमरकान्त पुत्र किशन राजपूत निवासी ग्राम इटैलिया बाजा हमीरपुर, 35 वर्षीय दर्शन यादव पुत्र सुखराम निवासी ग्राम मगरौल जरिया हमीरपुर महेन्द्र पुत्र बृजेन्द्र निवासी ग्राम मगरौल जरिया हमीरपुर शामिल रहे। जुआरियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में01. उ0नि0 विनेश गौतम, उ0नि0 मनोज पाण्डेय, का0 जितेन्द्र यादव का0 डेगराज , का0 अंशुल सिंह

## पहलगाम में आतंकी हमले पर जताई चिंता, दी श्रद्धांजलि

### अंतर्राष्ट्रीय युवा शिविर में युवाओं में परिचर्चा में लिया भाग





संवाददाता

कसया, कुशीनगर। वर्मी मंदिर कुशीनगर के धम्म हाल में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय युवा शिविर में कुशीनगर में आए हुए देश के राज्यों और दुनिया से आए हुए युवाओं ने कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकियों द्वारा पर्यटकों की जघन्य हत्या पर गहरा शोक प्रकट किया। सभी ने दो मिनट का मौन रख उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। शिविर में पद्म श्री इंदिरा उदयना इंडोनेशिया ने कहा कि दुनिया में चारों तरफ हिंसा बढ़ रही है जो चिंता का विषय है। हमेंयुद्ध नहीं बुद्ध चाहिए। मुझे जंग नहीं अमन चाहिए। हिंसा नहीं शांति चाहिए। ट्रस्टी राष्ट्रीय युवा योजना डॉ आरसी गुप्ता, संस्थापक विवेकानंद युवा कल्याण केंद्र प्रदर्शन, डॉ सीबी सिंह, ट्रस्टी/ राष्ट्रीय सचिव हरिजन सेवक संघ नई दिल्ली संजय राय, नेपाल के आयुष कुमार, अजय पाण्डेय ने कहा कि धर्म के नाम पर, कहीं जाती के नाम पर, कहीं धर्म के नाम पर। खासकर धर्म के नाम पर जो हिंसा बढ़ रही है। वह बहुत ही चिंता का कारण है। भगवान बुद्ध की इस भूमि से ये नौजवान दुनिया से पूछना चाहते है कि ये हिंसा क्यों। धर्म तो हमें जोड़ता है तोड़ता नहीं। वह हमें प्रेम सिखाता है। नफरत नहीं। नौजवान कह रहा है। आज म्यांमार मंदिर के सभागार में स्वयंसेवकों ने समूह में परिचर्चा में भाग लिया युवाओं की भूमिका विषय पर अपने विचार रखे। इसके बाद अपनी अपनी प्रस्तुति दी। इस दौरान कार्यक्रम में सुरेश राठी, कुमुद रंजन सिंह,डॉ अश्विनी कुमार डेका, डॉ रघुवीर, डॉ हरजीत कौर, निकिता, शिवा परमार, गीता कौर, गुलाम, बैजनाश सिंह, अभिषेक सिन्हा, मयूर सायरे, सचिन सहित दो सौ स्वयंसेवक मौजूद रहे।

## टीम वर्क से करे कार्य ताकि जनपद प्रदेश में रहे अग्रणी-सीएमओ

संवाददाता

कुशीनगर। जिलाक्षयरोग केंद्र के सभागार में बुधवार को मासिक समीक्षा बैठक मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अनुपम प्रकाश भास्कर की अध्यक्षता में हुयी।



समीक्षा बैठक में जिला कार्यक्रम समन्वयक अनुपम मिश्र द्वारा टीबी कार्यक्रम के 9 बिंदुओं को विस्तारपूर्वक बताया गया जिसमें नोटिफिकेशन,डीबीटी,एचआईवी सुगर,यूडीएसटी,डीआरटीबी,बजट खर्च,टीपीटी,पीएलएचआईवी,सफल्ता दर आदि प्रमुख रहे।बैठक को सम्बोधित करते हुये जिलाक्षयरोग अधिकारी डॉ एस. एन. त्रिपाठी ने कहा कि हमारे सभी एसटीएस,एसटीएलएस एवं समन्वयको के परिश्रम से ही हमारा जनपद लगातार प्रगति के मार्ग पर अग्रसर हो रहा है जिसका परिणाम है कि जनपद का प्रदेश में छठवां स्थान है। जिसके लिये हमारे सभी कर्मचारी बधाई के पात्र है। डॉ त्रिपाठी द्वारा टीबी की समीक्षा बैठक में प्रथम आगमन पर सीएमओ सर को बुके देकर स्वागत किया गया।

समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते हुये सीएमओ डॉ एपी भास्कर ने कहा कि आप सभी टीम वर्क से कार्य करे तो जनपद प्रदेश में अग्रणी स्थान को प्राप्त करेगा। उन्होंने ने कहा कि छोटे छोटे इंडिकेटर पर ध्यान देते हुये हम अपने स्कोर को बढ़ा सकते है। डॉ भास्कर ने कहा कि आप सभी के कार्यों से प्रदेश में जनपद सम्मानजनक स्थान पर इसके लिये मैं सभी प्रसंशा के पात्र है। आप सभी अपनी ड्यूटी निष्ठापूर्वक करें ताकि हमारा टीबी स्कोर और अच्छा हो सके।इस दौरान नितेश राय,आशुतोष मिश्र,राजीव राय,कमलशंकर पांडेय,अरमान अहमद,अमित पांडेय,अमित राय,संजय द्विवेदी,अमित श्रीवास्तव,सत्येन्द्र पांडेय,निशांत मिश्र,राकेश राव,विवेक यादव,सन्तोष यादव,अमित वर्मा,धनन्जय पांडेय,आदित्य तिवारी,करन कुमार,विवेक चौधरी,अशोक यादव,विवेकानंद मिश्र,इसरार अली,राकेश कुमार सोनकर,रामप्रकाश गौतम,राकेश सिंह,दीपक दुबे,अनिल सिंह,राजा,प्रभु,वीरेंद्र आदि उपस्थित रहे।

## लखनऊ में भीषण आग, 87 झोपड़ियां जलीं





लखनऊ। कौनसी खेड़ा में देर रात भीषण आग लग गई। 87 से अधिक झुग्गी-झोपड़ी धधकने लगीं। 2 किमी दूर से लपटें दिखाई दे रही थीं। सिलेंडर और बाइकों के पेट्रोल टैंक फटने से धमाकों से इलाका दहल उठा। आग की लपटें और चीख-पुकार सुनकर लोगों अपने घरों से बाहर निकल आए।। लोगों ने पहले पानी डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। आग बेकाबू होते देख दमकल को सूचना दी। सरोजनी नगर सीएफओ दो दमकल के साथ मौके पर पहुंचे। आग को देखते हुए शहर के सभी दमकल स्टेशन से गाड़ियां बुलाई गई। 6 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मी आग पर पूरी तरह से काबू पा सके हैं। हादसा मंगलवार रात पौने तीन बजे बिजली के पोल में शॉर्ट सर्किट से हुआ। देखते ही देखते पूरी बस्ती खाक हो गई। रत्रह्र मंगेश कुमार 12 से अधिक दमकल गाड़ियों के साथ मौके पर डटे रहे। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली विभाग की लापरवाही से हादसा हुआ है। तीन दिन पहले भी शार्ट सर्किट से आग लगी थी, लेकिन समय रहते बुझा ली गई थी। सरोजनी नगर एफएसओ के मुताबिक आग पूरी तरह बुझी गई है। आग से 87 से ज्यादा झोपड़ी जली हैं और 200 लोग प्रभावित हुए हैं।SFO मंगेश कुमार ने बताया- झुग्गी-झोपड़ियां सुबह तक सुलग रही थीं। सुबह पानी की बौछार कर आग को पूरी तरह काबू में किया गया। आग कनौसी रेलवे फाटक के पास रिटायर्ड रेलवे कर्मचारी रामबाबू की जमीन पर बनी झुग्गी-झोप(ड़ियों में लगी थी।SFO ने बताया- रेलवे ट्रैक से सटती जमीन पर ठेकेदार संजीव गुप्ता (8), अंशु बजाज (15) सुभाष (10) खुशी राम साहू (13) हातिम अली (15) हसमत अली (12) और जलील खान (14) ने झोपडियां किराए पर ले रखी थीं। इनमें असमिया मजदूरों को रखकर कूड़ा बिनवाने का काम करते थे। केसरी खेड़ा झुग्गी बस्ती में रहने वाली मीना के घर में सबसे पहले आग लगी। मीना ने बताया- हम लोग सो रहे थे। अचानक गर्मी बढ़ने से उठ गए। देखा तो झोपड़ी में आग लगी थी। बेटी सोनम, बेटा बबलू और पति को उठाया और बाहर को भागे।उन्होंने बताया- बाहर आकर शोर मचाया और आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन लपटें इतनी तेज थीं कि आग बहुत तेजी से फैल गई और दूसरी झोपड़ियों को चपेट में ले लिया।SFO मंगेश कुमार ने बताया- कनौसी खेड़ा झुग्गी बस्ती के पास स्थित शशि बाला और एचआर वशिष्ठ के मकान भी आग की चपेट में आ गए। घर के सामने लगे टाइल्स टूट गए, बाहर रखा सामान जल गया।

## संक्षिप्त डायरी

### हमीरपुर की कुरारा नगर पंचायत अध्यक्ष आशारानी कबीर ने विधान परिषद सदस्य की पुत्री की शादी में पहुंचकर दिया आशिर्वाद

संवाददाता



हमीरपुर। उत्तर प्रदेश हमीरपुर के कुरारा नगर पंचायत अध्यक्ष आशारानी कबीर विधान परिषद सदस्य मानवेंद्र सिंह चौहान की सुपुत्री के शुभ विवाह समारोह में शामिल होने कानपुर पहुंची, इस मौके पर कुरारा नगर पंचायत अध्यक्ष आशा रानी कबीर ने वर वधु को आशिर्वाद देकर उनके सफल जीवन की कामना की, साथ ही नवविवाहित जोड़े को हार्दिक बधाई और सुखमय वैवाहिक जीवन की ढेर सारी शुभकामनाएं दीं, कार्यक्रम में विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना, प्रदेश संगठन महामंत्री धर्म पाल सिंह सहित कैबिनेट मंत्री राकेश सचान मौजूद रहे।

### अछल्दा स्टेशन पर ट्रेन रोकने की मांग

औरैया। उत्तर प्रदेश के औरैया जिले में स्थित अछल्दा स्टेशन पर ट्रेन ठहराव बहाली की मांग को लेकर स्थानीय लोगों ने आवाज उठाई है। मंगलवार को उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष नीरज पोरवाल के नेतृत्व में एक दर्जन से अधिक लोगों ने स्टेशन मास्टर अमित पाल को ज्ञापन सौंपा।कोविड महामारी के दौरान अछल्दा स्टेशन पर महानंदा एक्सप्रेस, तूफान एक्सप्रेस और जनता एक्सप्रेस का ठहराव बंद कर दिया गया था। इससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में विशेष रूप से कानपुर-अलीगढ़ मेमो ट्रेन (04189/90) के ठहराव की मांग की गई है।अछल्दा स्टेशन से रोजाना हजारों यात्रियों का आवागमन होता है। बिधूना, एरवाकटरा, फफूंद, महेवा, निवाड़ी कला, रुरुगंज, बेला, अहेरीपुर और सल्हूपुर जैसे आसपास के क्षेत्रों के लोग कानपुर और इटावा जाने के लिए इस स्टेशन का उपयोग करते हैं। यह स्टेशन कानपुर और इटावा के बीच एक महत्वपूर्ण आय का स्रोत भी है।ज्ञापन देने वालों में संदीप पोरवाल, आकाश पोरवाल, अतुल ठाकुर, शिवा पांडेय, आनंद सक्सेना, आलोक शर्मा, राजेश शाक्य और सुशील यादव प्रमुख रहे।

### बिधूना में आवारा सांड के हमले से 3 घायल

औरैया। के बेला कस्बे में मंगलवार को एक आवारा सांड ने तीन लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना कानपुर रोड पर हुई। सांड के हमले से एक व्यक्ति को मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर करना पड़ा।पहला हमला सत्यनारायण मिश्रा पर हुआ। वे सेंट्रल बैंक से लौट रहे थे। सांड ने उन्हें उठाकर सड़क पर पटक दिया। उन्हें सिर में कई टांके लगे।दूसरा शिकार धर्मेंद्र उर्फ छोटू बने। वे बाइक से बेला आए थे। सांड ने उन्हें बाइक समेत पटक दिया। गंभीर चोटों के कारण उन्हें मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर किया गया।तीसरा हमला मल्हौसी की मीरा देवी के बेटे पर हुआ। वह चौराहे के पास था। उसे भी चोटें आईं। उसका स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। सांड के हमले से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागे। स्थानीय लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

### क्रिकेटर अमित मिश्रा की पत्नी बोलीं- फंसाकर शादी की



कानपुर। अमित ने 2020 में मुझे इंस्टाग्राम के जरिए शादी के लिए प्रपोज किया था। दिन में वह 10 बार मुझे फोन कर आई लव यू बोलते थे। मुझे लगता था कि मुझसे बहुत प्यार करते हैं, इसी झांसे में आकर मैंने उनसे शादी कर ली। शादी के एक साल बाद मुझे उनकी काली करतूतों के बारे में पता चला। वह कई और युवतियों से चैटिंग करते हैं, उनके कई युवतियों से चैटिंग के स्क्रीन शॉट भी मेरे पास हैं। यह कहना है पूर्व व्रछ्ठ खिलाड़ी अमित मिश्रा की पत्नी गरिमा तिवारी का। पति समेत ससुरालवालों के खिलाफ कोर्ट केस करने के बाद उन्होंने सबसे पहले दैनिक भास्कर एप के साथ अपनी पीड़ा साझा की। गरिमा ने बताया कि हम लोग बिरहाना रोड में रहते हैं। मेरे पिता एक बड़े कान्वेंट स्कूल में टीचर हैं। जबकि मां गृहिणी हैं। मैं माडलिंग करती हूं। अमित मिश्रा के क्रिकेटर होने के कारण 2020 में मैने एक दिन उनके इंस्टाग्राम पेज को लाइक किया था। इसके बाद से वह भी मेरी तस्वीरों और स्टोरी पर लाइक करने लगे। दो-तीन महीने ऐसे ही चलता रहा फिर अमित ने इंस्टाग्राम पर ही मुझे प्रपोज किया। कई बार हम लोग मिले भी। मैंने अपने माता-पिता को इसके बारे में बताया। इसके बाद हमारे घर वाले उनके घर गए और हमारा रिश्ता तय हो गया।गरिमा ने बताया कि अमित ने मुझे इंस्टाग्राम के जरिए फंसाकर शादी की। शादी से पहले दिन में 10 बार फोन करके अपने प्यार का इजहार करते थे।सगाई के बाद हमारे परिवार पर आलीशान होटल से शादी करने का दबाव बनाने लगे, जिस पर घरवालों ने कानपुर क्लब से 26 अप्रैल 2021 को हमारी शादी की। मेरे परिवार ने शादी में बहुत दहेज भी दिया था। इसके बाद भी उनकी लग्जरी कार की डिमांड थी।शादी के एक साल बाद मुझे जानकारी मिली कि अमित कई युवतियों से इंस्टाग्राम में चैटिंग करता था। चैटिंग के स्क्रीनशॉट मिलने के बाद मेरे पैरों तले जमीन खिसक गई।मैंने विरोध किया तो अमित ने तलाक देने की धमकी दी। गरिमा का कहना है कि घर खरीदने के नाम पर मुझसे पैसों की डिमांड करते थे। मना करने पर गला दबाकर मारपीट करते थे।सास व ननद भी करती हैं प्रताड़ित गरिमा ने पति से युवतियों की चैटिंग के कई स्क्रीनशॉट भी दैनिक भास्कर एप के साथ साझा किए हैं। गरिमा का आरोप है कि सरकारी नौकरी की बात कह कर उनकी सास अतिरिक्त दहेज की मांग करती थीं। मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि इस तरह के परिवार से ताल्लुक होगा।पति आए दिन मेरे साथ मारपीट करते थे। ननद स्वाति पहनावे को लेकर तंज कसती थी। ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग आकर मैं डिप्रेशन का शिकार हो गई हूं। पिछले एक साल से अमित से अलग मायके में रह रही हूं। मेरा एक साल से इलाज चल रहा है। गरिमा ने बताया कि पति अमित व ससुरालीजनों खिलाफ पुलिस से शिकायत की, लेकिन अमित की ऊंची पहुंच के कारण मेरी सुनवाई नहीं हो रही है।मीरपुर कैंट निवासी क्रिकेटर अमित मिश्रा गुजरात लॉयंस और राजस्थान रॉयल्स टीम में गेंदबाज रहे हैं। 202324 में उन्होंने लखनऊ सुपर जायन्ट्स टीम के साथ आखिरी व्रछ्ठ खेला था। वर्तमान में वह रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया में सिक्योरिटी विभाग में सहायक प्रबंधक के पद पर तैनात हैं।क्रिकेटर और पूर्व व्रछ्ठ खिलाड़ी अमित मिश्रा के खिलाफ उनकी मॉडल पत्नी ने मामला दर्ज कराया। अमित मिश्रा ने 1 करोड़ रुपए मांगे हैं। पत्नी गरिमा ने पति के साथ ही ससुर शशिकांत मिश्रा, सास बीना मिश्रा, जेठ अमर मिश्रा, जेठानी ऋतु मिश्रा और ननद स्वाति को भी आरोपी बनाया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट ने घरेलू हिंसा का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## संपादकीय

### कश्मीर में धर्म पूछकर गोली मार दी, यह आतंकी घटना है या जिहादी हमला?

जो लोग कहते हैं कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता उनसे यह भी पूछा जाना चाहिए कि आतंकवादियों के नाम एक खास धर्म से संबंधित क्यों होते हैं? जो लोग कहते हैं कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता उनसे पूछा जाना चाहिए कि पहलगाम में मासूम पर्यटकों को उनका धर्म पूछने के बाद क्यों मारा गया? क्यों उनसे कलमा पढ़ने को कहा गया और कलमा नहीं पढ़ पाने पर उन्हें गोली मार दी गयी? सवाल उठता है कि क्यों किसी पर्यटक की पैंट उतार कर यह जांचा गया कि उसका खतना हुआ है या नहीं? क्यों खतना नहीं पाये जाने पर उसे गोली मार दी गयी?



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

देखा जाये तो आतंकवाद का कोई धर्म होता हो या नहीं लेकिन अपने आसपास के घटनाक्रमों पर ही गौर कर लें तो साफ प्रतीत होता है कि आतंकवाद से सर्वाधिक पीडत़ि धर्म हिंदू है। भारत में बहुसंख्यक होने के बावजूद हिंदुओं को गोली मार दी जाती है? अपने घर से पलायन करने पर उन्हें मजबूर कर दिया जाता है। पाकिस्तान और बांग्लादेश के अल्पसंख्यक हिंदुओं की तो बात ही छोड़ दीजिये वहां तो अब उनके असतित्व पर ही संकट मंडराने लगा है।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हंसते खेलते माहौल में एकाएक मातम छा जाने से हर भारतीय का दिल भर आया है। 28 पर्यटकों के मारे जाने की घटना बड़ी दुखद है लेकिन यह देखना भी दुखद है कि इस हमले की कुछ लोग सही से निंदा भी नहीं कर पा रहे हैं। जिस घटना में लोगों का धर्म पूछ पूछ कर मारा गया हो उसे आतंकवादी घटना कहा जा रहा है जबकि यह सीधा सीधा जिहाद का मामला लगता है क्योंकि पर्यटकों का धर्म पूछ कर उन्हें गोली मारी गयी। यही नहीं, हर मोर्चे पर विफल संयुक्त राष्ट्र को देखिये उसके महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने पहलगाम के घटनाक्रम को "सशस्त्र हमला बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की है। सवाल यह है कि क्या संयुक्त राष्ट्र को नहीं पता कि सशस्त्र हमले और आतंकवादी या जिहादी हमले में क्या फर्क होता है?

बहरहाल, पहलगाम मामले में एनआईए ने जांच का काम संभाल लिया है। लेकिन जरूरी है कि इस समूचे घटनाक्रम के पीछे मौजूद उद्देश्य को समझ कर सही कार्रवाई की जाये। हमारी एजेंसियों को यह ध्यान रखना चाहिए कि आतंकवादी धर्म के आधार पर लोगों को मार कर गये हैं। हमारी एजेंसियों को इस बात का संज्ञान लेना चाहिए कि पीडत़ि परिवारों ने बताया है कि आतंकवादियों ने उन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का समर्थन करने का आरोप लगाया है। देखा जाये तो यह सीधे सीधे भारत की चुनी हुई सरकार को चुनौती देने का मामला बनता है।

## विवाह समारोह में झिगावन आया युवक हुआ लापता

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** कनीना विकास खंड के गांव झिगावन में शादी समारोह में आया युवक लापता हो गया। इस बारे में झिगावन वासी रामअवतार ने कनीना सिटी पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसके साले कैलाश का लडका रजनीश,32 वर्ष बीती 14 अप्रैल को झिगावन में आयोजित शादी समारोह में हिस्सा लेने के लिए आया हुआ था। शादी के बाद 16 अप्रैल को रजनीश को सिसर जाने के लिए कनीना बस स्टैंड पर छोडा था। जो अब तक सिसर नहीं पंहुचा है। परिजनों ने अपने स्तर पर उसकी खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं सका। उसके पास मोबाईल फोन भी नहीं है। पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है।

## दहेज उत्पीडन के आरोप में पति सहित 4 नामजद, दिसबंर 2015 में हुई थी शादी

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** कनीना सदर पुलिस थाने में महिला की शिकायत पर दहेज उत्पीडन का केस दर्ज किया है। इस बारे में पीडित महिला ने कनीना सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी दिसबंर 2015 में फतेहाबाद के गांव ढिंगसरा के मंजितेंद्र के साथ हिंदु रिति रिवाज के साथ यथा समर्थ अनुसार दान दहेज देकर की थी। शादी के कुछ दिन बाद ही ससुराल वाले उसे दहेज के लिए ताने देने लगे थे। उन्होंने कई बार उससे मारपीट भी की। महिला के परिजनों ने उसके ससुरालजनों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वे आदत से बाज नहीं आए। उसके दो वारिस हैं। उन्होंने कहा कि उसका पति शराबी-कवाबी तथा जुए-सट्टे का आदि है। पुलिस ने दहेज उत्पीडन व मारपीट के आरोपियों मंजितेंद्र रति, मदन सिंह ससुर, रेनु जेठानी, मनमोहन जेठ के विरूध आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## पहलगाम आतंकी हमला दुर्भाग्यपूर्णः वंदना केडिया

समाचार गेट/सोनिका सूरा



**सिवानी मंडी।** हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ आतंकी हमला दुर्भाग्यपूर्ण है। सिवानी नगर पालिका चेयरपर्सन वंदना राजेश केडिया ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि इस मुश्किल घड़ी में वे उनके साथ हैं। उन्होंने यह भी विश्वास जताया कि भारत सरकार इस कायराना हरकत का मुंहतोड़ जवाब देगी और पीडत़ि परिवारों को न्याय सुनिश्चित करेगी। पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर अपनी राय रखते हुए चेयरपर्सन वंदना राजेश केडिया ने कहा कि यह हमला न केवल निर्दोष पर्यटकों के जीवन पर एक क्रूर प्रहार है, बल्कि यह कश्मीर में शांति और सामान्य हालात स्थापित करने के प्रयासों के लिए भी एक गंभीर चुनौती है।

## जरूरी सूचना

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

## पृथ्वी दिवस के उपलक्ष में जीडीसी महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

समाचार गेट/सोनिका सूरा

**सिवानी मंडी।** बीआरसीएम शिक्षण संस्थान के जीडीसी महाविद्यालय में आज भूगोल विभाग की ओजोन सेल और महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में *पृथ्वी दिवस- 2025* के उपलक्ष्य में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता डॉक्टर एसके सिन्हा प्राचार्य जीडीसी महाविद्यालय एवं निदेशक बीआरसीएम शिक्षण संस्थान ने की।

कार्यक्रम का संचालन डॉ अशोक कुमार एनएसएस, कार्यक्रम अधिकारी द्वारा किया गया उन्होंने कार्यक्रम में सभी स्वागत करते हुए पृथ्वी दिवस की मेहता और भारतीय ज्ञान परंपरा में पृथ्वी संरक्षण एवं पर्यावरण हेतु बताए गए उपचार की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को व्यक्त किया और वैदिक परंपरा में पर्यावरण संरक्षण के पहलुओं से अवगत करवाया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता की भूमिका में हिमांशु ग्रोवर विभाग अध्यक्ष भूगोल विभाग रहे जिन्होंने अपने व्याख्यान में बताया कि पृथ्वी दिवस- 2025 की थीम हमारी शक्ति, हमारा ग्रह है उन्होंने बताया कि यह थीम इस ओर संकेत करती है कि स्थायी और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को अपनाकर ही हम एक समृद्ध और सुरक्षित भविष्य की नींव रख सकते हैं। यह थीम सरकार, संस्थाओं और समाज के प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सामूहिक ज़िम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित करती है। हिमांशु ग्रोवर ने एक पावर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से पृथ्वी दिवस के इतिहास, इसके महत्व और आज की आवश्यकता पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पृथ्वी दिवस



की शुरुआत 1970 में अमेरिकी सीनेटर जेराल्ड नेल्सन द्वारा पर्यावरण शिक्षा के रूप में की गई थी और आज यह 200 के लगभग देशों में प्रतिवर्ष मनाया जाता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. एस. के. सिन्हा ने विद्यार्थियों और उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि पृथ्वी दिवस केवल एक दिवस नहीं बल्कि एक चेतना है, जो हमें प्रकृति के प्रति हमारे उत्तरदायित्वों की याद दिलाती है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग से हम एक स्वस्थ, समतामूलक और टिकाऊ समाज की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। साथ ही उन्होंने वर्तमान समय में हो रहे संसाधनों के अति दोहन और जलवायु परिवर्तन की गंभीरता को रेखांकित करते हुए यह अपील की कि पर्यावरण संरक्षण की शुरुआत हमें अपने घर-परिवार से ही करनी होगी।

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के स्नातकोत्तर विभाग इतिहास एवं भूगोल और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्र नवीन ने पृथ्वी दिवस की प्रासंगिकता पर अपने विचार प्रस्तुत किए, जबकि छात्राओं पूजा, अनुजा, कौशल्या और काजल ने प्रेरणादायक भाषणों और कविताओं के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम के समापन के उपरांत महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण अभियान चलाया गया, जिसमें विद्यार्थियों एवं शिक्षकगण ने मिलकर विभिन्न पौधे लगाए। इसके साथ ही गर्मी के मौसम में पक्षियों के जीवन रक्षा हेतु महाविद्यालय परिसर में अनेक स्थानों पर पानी के पत्र स्थापित करवाए गए। इस आयोजन ने सभी प्रतिभागियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और संरक्षण के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी विभागों के शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सीएम उडनदस्ता व मार्केट कमेटी की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर लाखों रूपये की मार्केट फीस वसूली

### छापेमारी में सरसों व गेहूं का अवैध स्टॉक मिलने पर की गई कार्रवाई

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** मुख्यमंत्री उड़न दस्ता रेवाड़ी तथा मार्केट कमेटी कनीना की सुयंक्त टीम ने छापेमारी कर गेहूं तथा सरसों के अवैध स्टॉक को काबू किया है। टीम में शामिल निरीक्षक राजेश कुमार ने गुप्तचर विभाग महेंद्रगढ़ की सूचना पर कनीना अनाज मंडी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट नहर विभाग के एसडीओ मंदीप कुमार, मार्केट कमेटी के कनीना के सचिव विजय सिंह, बिजली निगम के मनोज कुमार व सीएम फ्लाइंग टीम के सदस्य उपस्थित थे,टीम ने आढतियों के स्टॉक रजिस्टर की जांच करने उपरांत अटेली रोड रेलवे



फाटक के समीप गणपति फ्लोर का औचक निरीक्षण किया। जहां मिल संचालक राकेश कुमार मौके पर हाजिर मिला। जिसके स्टॉक की पीवी की गई तो मौके पर 89 क्विंटल सरसों, 121 क्विंटल बाजरा, 518 क्विंटल गेहूं का स्टॉक रिकार्ड से अधिक पाया गया। जिसका मार्केट का कमेटी द्वारा कल 97598 रुपए जुर्माना लगाया गया। बिजली विभाग द्वारा अधिक लोड पाए जाने के कारण मौके पर ही बिजली के अतिरिक्त लोड की एलएल-वन भरी गई। इसी कड़ी में कनीना के एक अन्य सरसों व ग्वार के गोदाम पर रेड की गई। जहां फसल का अवैध स्टॉक मिलने पर 38798 रुपए की मार्केट फीस भरवाई गई। इसके अलावा रमेश कुमार मदनलाल के कनीना स्थित गोदाम की जांच की गई जिसमें अवैध स्टाक मिलने पर 85057 रुपए मार्केट फीस तथा 28737 का जुर्माना लगाया गया। धनौंदा स्थित गोदाम पर की गई छापेमारी पर कुल 66223 रुपए जुर्माना लगाया गया। टीम की इस कार्रवाई से क्षेत्र मे हडकंप मच गया।

## सीएचसी सेहलंग व पीएचसी भोजावास के स्टाफ को दिया फायर सेफ्टी प्रशिक्षण



समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** बुधवार को सीएचसी सेहलंग व पीएचसी धनौंदा में फायर सेफ्टि को लेकर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें दमकल विभाग के कर्मचारियों ने स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को आगजनी पर काबू पाने का प्रशिक्षण दिया। अस्पताल प्रभारी डॉ प्रभा यादव की उपस्थिति में फायर सेफ्टी अधिकारी विकास कुमार व उसकी टीम ने स्टाफ सद्स्यों को आग बुझाने तौर-तरीके बताए। उन्होंने कहा कि ईंधन की आग, गैस सिलेंडर की आग, चलती कार में आग, घर तथा खेत में लगी आग पर काबू पाने के बारे बताया। फायर सेफ्टि अधिकारी विकास कुमार व प्रदीप कुमार ने बताया कि आगजनी से बचाव के लिए हरसंभव प्रयास करें। काबू न आने पर डायल 112 तथा फायर ब्रिगेड को सूचना दें। इस मौके पर डॉ मंजीत, विभाष, सचिन, एचआई राजेंद्र सिंह, कुलदीप सिंह सहित अन्य स्टाफ सद्स्य उपस्थित थे।

## वेट लिफ्टिंग की नैशनल प्रतियोगिता में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेगी नंदिनी

### नपा कार्यालय में आयोजित समारोह में किया सम्मानित

### बेटियों के लिए नंदिनी बनी प्रेरणा स्रोतः डॉ रिंपी कुमारी

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** कनीना की बेटी नंदिनी ने वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में जिला एवं प्रदेश स्तर पर अव्वल स्थान प्राप्त करने के बाद नैशनल प्रतियोगिता के क्वालीफाई किया है। ये प्रतियोगिता 23 मई को महाराष्ट के कोल्हापुर में आयोजित होगी।जिसमें नंदिनी हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेगी। नंदिनी की इस उपलब्धि पर बुधवार को नगरपालिका कार्यालय कनीना में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नगरपालिका की चेयरपर्सन डॉ रिंपी कुमारी सहित प्रबुधजनों ने बेटी को पगडी,माला पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि कनीना के वार्ड 5 निवासी देवेंद्र यादव की नोंवी कक्षा में पढने वाली 14वर्षीय पुत्री नंदिनी ने 63 किलोग्राम भार वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक हासिल किया



है। प्रदेश स्तरीय ये प्रतियोगिता हाल ही में 11 अप्रैल को फरीदाबाद में आयोजित की गई थी। इससे पूर्व 23 मार्च को रेवाडी में जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसमें उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मैडल जीता था। डॉ रिंपी कुमारी ने कहा कि वेटलिफ्टिंग में नैशनल स्तर की प्रतियोगिता में चयन होने पर क्षेत्रवासियों ने खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि नंदिनी की सफलता बेटियों की प्रतिभा और मेहनत का जीवंत प्रमाण है। जो हमारे लिए गर्व का विषय है,नगर पालिका की ओर से हरसंभव सहयोग मिलेगा। नपा के पूर्व प्रधान एवं पार्षद राजेंद्र सिंह लोढा ने कहा कि नंदिनी छात्राओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। जिसने पढाई के साथ खेलों में नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि कनीना में हॉकी खेल की नर्सरी खोली गई है जिसके माध्यम से हॉकी खिलाडी तैयार किए जा रहे हैं। इस मौके पर नंदिनी के दादा मा रामप्रताप, पार्षद मुकेश नम्बरदार, उषा देवी, रेखा कुमारी, राजकुमार, नितेष गुप्ता, होशियार सिंह, सूबे सिंह, दीपक चोधरी के अलावा मनोज यादव, कप्तान जयपाल सिंह, भगवानदास,मोहन सिंह, जगन सिंह बोहरा, श्रीभगवान सहित प्रबुधजन उपस्थित थे।

### पहलगाम में पर्यटकों पर किए गए जानलेवा हमले को लेकर चंहुओर निंदा

## देशवासियों की सरकार के एक्शन पर टिकी नजरेंः सत्यवीर जांगडा

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** मंगलवार को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आंतकवादी हमले ने देश के नागरिकों को हिलाकर रख दिया है वहीं शासन-प्रशासन को भी सोचने पर मजबूर कर दिया है। इस हादसे की चंहुओर कडी निंदा की जा रही है। इस बारे में प्रबुध नागरिक सत्यवीर सिंह जांगडा रामबास ने बताा कि उन्होंने पिछले 35 सालों के दौरान पहलगाम, उडी, बारामुला व कारगिल जैसे प्रकरणों को मीडिया के जरिए देखा व समझा है। लेकिन आज तक ऐसी घटना नहीं देखी जब 28 निर्दोष पर्यटकों पर नशँस जानलेवा हमला कर दिया हो। उन्होंने बताया कि जनवरी 1990 में कश्मीरी पंडितों के घाटी से विस्थापन और उसके बाद डोडा, किश्तवाड़, भद्रवाह, रामबाण, पूंछ,



राजौरी, रियासी और उधमपुर में भी इस तरह के कत्लेआम भी सुने। कश्मीर में छत्तीस सिंह पूरा और बंधहमाहा में भी आतंकवादियों ने नरसंहार किया था। लेकिन मंगलवार को आतंकवादियों ने चुन चुन कर टूरिस्ट्स को गोलियों से भूना, वह बेहद दुखद व भयावह है। देखा जाए तो पर्यटक न तो जमीन खरीदने आए थे और न ही कब्जा करने। उनमें से कुछ घूमने आए थे तो कुछ शादी के बाद उसे यादगार बनाने के लिए। उन्होंने कहा कि कोई भी धर्म हत्या की अनुमति नहीं देता। लेकिन क्या पाकिस्तान और वहां से आए आतंकवादी यह बता पाएंगे कि कातिलाना हमले के पीछे कौन सा धर्म है?

**मारे गए निर्दोष लोगों की आतमिक शांति के लिए निकाले जा रहे कैंडल मार्च**

दूसरी ओर नगरपालिका कनीना की चेयरपर्सन डॉ रिंपी कुमार ने कहा कि पहलगाम में 28 टूरिस्ट्स के मारे जाने के बाद पहली बार कश्मीर की जनता खुलकर आतंकवादियों के खिलाफ बोलने लगी है। पहलगाम और घाटी के कई इलाकों सहित देशभर में आतंकवादियों के खिलाफ प्रदर्शन तथा निर्दोष लोगों की मौत पर कैंडल मार्च निकाले जा रहे हैं। जम्मू के बाद कश्मीर घाटी में विपक्षी दलों ने भी घाटी बंद का आह्वान किया है। प्रबुधजनों का मानना है कि ये र्प्यटकों की हत्या नहीं बल्कि कश्मीरी मेहमानवाजी का कत्ल है। मीडिया रिर्पोटस के मुताबिक पीडीपी प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती तथा मीरवाइज उमर फारूक ने भी पहली बार कश्मीर बंद का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि कश्मीर की आवाम के लिए पाकिस्तानी एजेंटों को ठिकाने लगाने का सही समय है। इसी प्रकार एक समय पंजाब से आतंकवाद को मिटाया था। उन्होंने कहा कि बुधवार सांय 7 बजे कनीना में डॉ भीमराव अम्बेडकर चैक से लेकर गणेशी लाल चैक तक कैंडल मार्च निकाल जायेगा। जिसमें नपा के पार्षद तथा आमजन हिस्सा लेगें।

## पाकिस्तान के खिलाफ नूंह जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं ने की कड़ी निंदा ओर कार्रवाई की मांग

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** जम्मू-कश्मीर में हाल ही में भारतीय पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले और निर्मम हत्याओं के विरोध में भाजपा पार्टी के कार्यकर्ताओं ने की निंदा अपने आक्रोश का इजहार किया और केंद्र सरकार से कड़े कदम उठाने की मांग की। जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह उर्फ पिंटू बाबा ने कहा कि आतंकियों द्वारा भारतीय पर्यटकों की धर्म पूछकर की गई निर्मम हत्या न केवल अमानवीय है, बल्कि यह देश की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से अपील की कि अब समय आ गया है जब 56 इंच का सीना दिखाया जाए और पाकिस्तान को ईंट का जवाब पत्थर से दिया जाए। सरकार ने पहले दावा किया था कि घुसपैठ और आतंकी घटनाओं पर पूर्ण रूप से लगाम लग




चुकी है, लेकिन हालिया घटना से साफ है कि आतंकियों के हौसले अभी भी बुलंद हैं। 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या देश को झकझोर देने वाली घटना है, जिसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। उन्होंने यह भी मांग की कि भारत सरकार पाकिस्तान में घुसकर इन आतंकियों को चुन-चुन कर खत्म करे और ऐसा जवाब दे जिससे भविष्य में कोई दुश्मन भारत की ओर आंख उठाकर न देख सके।

## ध्यानार्थः

हिन्दी दैनिक समाचार गेट एंव city24news.in द्वारा कवरेज की गई आपकी खबरों को आप यहां नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करके भी देख सकते हैं।

अगर आप हिन्दी दैनिक समाचार गेट की प्रिंट कॉपी लेना चाहते हैं तो आप फरीदाबाद ओल्ड रेड लाइट पर न्यूज पेपर स्टॉल से एंव गोपाल न्यूज पेपर एजेंसी अंबेडकर चौक बल्लभगढ से प्राप्त कर सकते हैं।

न्यूज पोर्टल पर देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें
https://city24news.in/

फेसबुक पर देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें
https://www.facebook.com/city24news.in

ई-पेपर देखने के लिए इस लिंक पर देखें
https://city24news.in/e-paper

आप अपनी खबर अथवा सूचना भेजने के लिए
samachargate@gmail.com
या 9818180269 पर भी भेज सकते हैं।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

## समाचार गेट

को TITLE CODE : HARHIN11569

### आवश्यकता है

- हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
- उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
- ग्रामीण संवाददाता
- फोटोग्राफर
- विज्ञापन प्रतिनिधि

इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

संक्षिप्त समाचार

## फ्लाइट में महिला कर्मचारी से की भारतीय यात्री ने अभ्रदता, आरोपी गिरफ्तार



**सिंगापुर, एजेंसी।** सिंगापुर जाने वाले विमान की केबिन क्रू (चालक दल) सदस्य की मर्यादा भंग करने के आरोप में मंगलवार को 20 वर्षीय भारतीय नागरिक पर मामला दर्ज किया जाएगा। उड़ान के दौरान 28 वर्षीय महिला केबिन क्रू सदस्य की कथित तौर पर मर्यादा भंग किए जाने की घटना के बाद 28 फरवरी को दोपहर 12 बजकर पांच मिनट पर पुलिस को इसकी सूचना दी गई थी। सोमवार को जारी एक पुलिस बयान के अनुसार, प्रारंभिक जांच में सामने आया कि महिला केबिन क्रू सदस्य एक महिला यात्री को शौचालय की ओर ले जा रही थीं, तभी उन्होंने जमीन पर टिश्यू पेपर का एक टुकड़ा देखा। जब वह उसे उठाने के लिए झुकीं, तभी 20 वर्षीय आरोपी उनके पीछे आया और उन्हें पकड़कर जबरन शौचालय में घुस गया। 'द स्ट्रेट्स टाइम्स' अखबार की खबर के अनुसार, महिला यात्री जो उस वक्त वहां मौजूद थीं, उन्होंने मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर महिला क्रू सदस्य को विमान के शौचालय से बाहर निकाला। घटना की सूचना केबिन सुपरवाइजर को दी गई और विमान के सिंगापुर के चांगी हवाई अड्डे पर उतरते ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने संबंधित एयरलाइन का नाम उजागर नहीं किया है। आरोपी पर 'मर्यादा भंग करने के इरादे से बल प्रयोग' की धारा के तहत आरोप दर्ज किए जाएंगे। हवाई अड्डा पुलिस विभाग की कमांडर, सहायक आयुक्त एम. मालती ने कहा, हम ऐसे मामलों को गंभीरता से लेते हैं क्योंकि केबिन क्रू प्रशिक्षित पेशेवर होते हैं, जो सभी यात्रियों की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध होते हैं। उन्होंने कहा, पुलिस विमान में सवार सभी कर्मचारियों और यात्रियों को किसी भी प्रकार के यौन उत्पीड़न या हमले से सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

## जर्मन इन्फलुएंसर की मौत

**बर्लिन, एजेंसी।** जर्मन ट्रैवल इन्फलुएंसर वैनेसा कोनोपका की लिवर खराब होने और निमोनिया के चलते मौत हो गई। उनके बॉयफ्रेंड ने फेसबुक पर उनकी मृत्यु की घोषणा की। फेसबुक पर लिखा गया कि कोनोपका को 31 दिसंबर को फिलीपींस में गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह कमजोर हो गई थीं। खाने, चलने या आसानी से बोलने में असमर्थ थीं। उनके बॉयफ्रेंड फर्नांडो ने एक गोफंडमी पेज बनाया था, ताकि उन्हें वापस जर्मनी ले जाने के लिए मेडिकल एयर एंबुलेंस के लिए 227,000 डॉलर से अधिक राशि जुटाई जा सके। फर्नांडो ने लिखा कि वैनेसा का निधन हो गया। वह हमेशा आप सभी से जुड़ना पसंद करती थी और फिलीपींस के लिए उसका प्यार शब्दों से परे था। एक बार फिर मैं केवल आपकी प्रार्थनाओं के लिए कह सकता हूं ताकि भगवान उसके प्रियजनों के दिलों को सुकून दे। मुझे उस पर भरोसा है मुझे पता है कि वह वैनेसा के साथ है और मुझे पता है कि भगवान हमेशा हमारे साथ है। वैनेसा और उनके बॉयफ्रेंड फर्नांडो सोशल मीडिया पर लोकप्रिय ट्रैवल अकाउंट हैप्पीनेस क्रॉसिंग चलाते थे, जहां वे बोराके, फिलीपींस में रहने के अपने अनुभवों को साझा करते थे। अपनी मृत्यु से पहले कोनोपका कुछ समय के लिए सोशल मीडिया पर लौटी थीं और उनकी हालत में थोड़ा सुधार दिखा था।

## अमेरिका की होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम का हैंडबैग चोरी, बैग में 2.50 लाख रुपए थे




**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट की सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम का हैंडबैग रविवार को एक रेस्टोरेंट में चोरी हो गया। उनके बैग में सिक्योरिटी बैज और 3000 डॉलर नकद (2.55 लाख रुपए) थे। इसके अलावा हैंडबैग में उनका ड्राइविंग लाइसेंस, दवाइयां, अपार्टमेंट की चाबियां और खाली चेक भी थे। होमलैंड डिपार्टमेंट ने बताया कि नोएम का पूरा परिवार ईस्टर के मौके पर उनके साथ। वह कैश का इस्तेमाल अपने परिवार के साथ डिनर और गिफ्ट खरीदने के लिए कर रही थी। अमेरिका का होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट एक फेडरल एग्जीक्यूटिव ऑफिस है। इसका मुख्य मकसद अमेरिका को आतंकवाद और अन्य खतरों से सुरक्षित रखना है। यह बॉर्डर कंट्रोल, इमिग्रेशन, आतंकवाद और साइबर सिक्योरिटी जैसी जिम्मेदारी देखता है।

# गाजा टेकओवर से लेकर टैरिफ तक, ट्रंप के पहले 100 दिनों में 10 सबसे विवादित फैसले



**वाशिंगटन, एजेंसी।** वाइट हाउस में दोबारा कदम रखते ही डोनाल्ड ट्रंप ने अपने अंदाज में साफ कर दिया कि ये कार्यकाल पहले से भी ज्यादा सख्त, तेज और विवादित होने वाला है। चाहे गाजा में युद्धविराम पर अमेरिकी स्टैंड हो या फिर हार्वर्ड जैसी यूनिवर्सिटियों की फंडिंग ब्लॉक करना। ट्रंप प्रशासन के फैसले सिर्फ अमेरिका में, बल्कि पूरी दुनिया में बहस का कारण बने। प्रवासी विरोधी नीतियों से लेकर चीन के खिलाफ व्यापारिक जंग तक, इन 100 दिनों में ट्रंप ने ऐसा कोई मुद्दा नहीं छोड़ा जिसमें उनकी मौजूदगी की गूंज न सुनाई दी हो। ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के 10 सबसे धमाकेदार और विवादास्पद फैसले, जिन्होंने वैश्विक राजनीति, कूटनीति और अर्थव्यवस्था में हलचल मचा दी।

**पहले ही दिन 26 कार्यकारी आदेश :** 20 जनवरी को ट्रंप ने ओवल ऑफिस में वापसी के साथ ही रिकॉर्ड 26 आदेशों पर साइन किए। इसमें प्रमुख रूप से अमेरिका को विश्व स्वास्थ्य संगठन से बाहर किया। 6 जनवरी 2021 के कैपिटल हमले में शामिल लोगों को माफ कर दिया।

**गाजा टेकओवर प्लान :** इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ बैठक में ट्रंप ने कहा कि अमेरिका गाजा पर नियंत्रण लेकर उसे मिडिल ईस्ट की रिविएरा बना सकता है। उन्होंने गाजा से फिलिस्तीनियों को हटाने की बात भी कही। उनकी इस बात की दुनिया भर में जबरदस्त आलोचना हुई।

**एलन मस्क और डीओजीई मंत्रालय :** 12 फरवरी को ट्रंप ने एलन मस्क को सरकार में डीओजीई का नेतृत्व सौंपा। इस विभाग की कमान संभालते ही मस्क पर ट्रंप प्रशासन पर हावी होने के आरोप भी लगे। ट्रांसपेरेंसी और हितों के टकराव पर सवाल भी उठे। मस्क के साथ इस विभाग की जिम्मेदारी भारतवंशी और रिपब्लिकन नेता विवेक रामास्वामी को भी दी गई, लेकिन उन्होंने बाद में पद छोड़ दिया। अब रामास्वामी ओहियो राज्य के गवर्नर पद की रेस में हैं।

**पुतिन से दोस्ती का नया अध्याय :** वर्षों की दूरी खत्म करते हुए ट्रंप ने पुतिन से सीधी बातचीत शुरू की। कई अमेरिकी-रूसी मीटिंग्स में यूरोप को शामिल नहीं किया गया, जो नाटो सहयोगियों को चौंकाने वाला कदम था।

**म्यूनिख में यूरोप को फटकार :** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने यूरोपीय देशों पर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता रोकने, रक्षा खर्च न बढ़ाने और अप्रवासियों को लेकर उदार रवैये की कड़ी आलोचना की।

**जेलेंस्की का अपमान :** जब यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडोमिर जेलेंस्की अमेरिकी दौरे पर पहुंचे तो उन्हें सार्वजनिक तौर पर काफी अपमान झेलना पड़ा। पहले सूट-बूट नहीं पहनने पर ट्रंप ने उनकी खिल्ली उड़ाई फिर कैमरे के सामने ट्रंप ने काफी सुनाया। नतीजन पहली बार ऐसा हुआ कि वाइट हाउस से बिना खाना खाए किसी नेता को वापस भेज दिया गया।

**हार्वर्ड और कोलंबिया यूनिवर्सिटी पर ऐक्शन :** ट्रंप प्रशासन ने इजरायल विरोधी प्रदर्शनों पर कार्रवाई के बहाने कोलंबिया यूनिवर्सिटी की 400 मिलियन फंडिंग काटी। इसके बाद हार्वर्ड की 2.2 बिलियन की फंडिंग फ्रीज कर दी और टैक्स छूट खत्म करने की धमकी दी। जवाब में हार्वर्ड ने भी ट्रंप प्रशासन के खिलाफ मुकदमा दायर किया है।

अवैध प्रवासियों का जबरन निर्वासन एक पुराना युद्धकालीन कानून इस्तेमाल करके 200 से ज्यादा संदिग्धों को जबरन निर्वासित किया गया। यह मामला अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा। एक अमेरिकी सैन्य विमान 104 भारतीय प्रवासियों को लेकर पंजाब के अमृतसर में उतरा। यह पहली बार था जब अमेरिका ने किसी गैर-अमेरिकी देश में सैन्य विमान से निर्वासन किया। ग्रीनलैंड पर नजर ग्रीनलैंड पर अमेरिका की टेढ़ी नजर ट्रंप बोले, हमें ग्रीनलैंड चाहिए, सुरक्षा के लिए जरूरी है। उन्होंने बल प्रयोग पर भी जोर दिया। ट्रंप की इस बात से डेनमार्क भड़क गया और वाइस प्रेसिडेंट वेंस की यात्रा विवादों में घिरी। टैरिफ वॉर की शुरुआत 2 अप्रैल को ट्रंप ने पूरी दुनिया पर भारी टैरिफ लगा दिए। 9 अप्रैल को आंशिक रियायत दी – ज्यादातर देशों पर 10प्रतिशत टैक्स, लेकिन चीन पर 245प्रतिशत टैक्स। इसके चलते ग्लोबल मार्केट में अफरातफरी मची। डॉलर गिरा और सोने की कीमतें आसमान तक पहुंची।

## हिंदुओं को बचाने के लिए स्कॉटलैंड लाया ऐतिहासिक बिल, पहली बार हिंदूफोबिया पर उठी आवाज



**एडिनबरा, एजेंसी।** यूरोपीय देश स्कॉटलैंड की संसद में पहली बार हिंदू समुदाय के खिलाफ बढ़ते भेदभाव और हाशिए पर डाले जाने को लेकर एक ऐतिहासिक प्रस्ताव पेश किया गया है। एल्बा पार्टी की सांसद ऐश रीगन ने यह प्रस्ताव ग्लासगो की गांधीवादी शांति संस्था की रिपोर्ट के आधार पर पेश किया है। यह कदम न केवल स्कॉटलैंड बल्कि पूरे यूरोपीय संघ में अपनी तरह का पहला प्रस्ताव है। यह प्रस्ताव स्कॉटलैंड के हिंदू समुदाय के सामने आ रही चुनौतियों, जैसे कि धार्मिक नफरत, मंदिरों पर हमले और सांस्कृतिक असहिष्णुता को प्रमुखता से उजागर करता है। प्रस्ताव में क्या है? स्कॉटिश संसद ने गांधीवादी शांति संस्था के कार्यों की सराहना की है। प्रस्ताव में 'हिंदूफोबिया इन स्कॉटलैंड' रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया गया है कि किस तरह से हिंदू समुदाय को भेदभाव, बहिष्करण और दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ रहा है। यह प्रस्ताव अंतर-धार्मिक संवाद, सामाजिक समरसता और विविधता को बढ़ावा देने के प्रयासों को आगे बढ़ाने की अपील करता है। क्या कहती है रिपोर्ट? यह रिपोर्ट स्कॉटलैंड में हिंदू समुदाय पर केंद्रित पहली व्यापक अध्ययन है। इसके अनुसार, 5.4 मिलियन की जनसंख्या वाले स्कॉटलैंड में हिंदुओं की संख्या महज 0.3प्रतिशत है और इस छोटे समुदाय को असमानता, मंदिरों पर हमले, जातिगत टिप्पणियां और दुर्व्यवहार जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। भारतीय मूल के नेताओं की प्रतिक्रिया सरकार द्वारा पेश किए गए इस बिल को लेकर भारतीय मूल के नेताओं की प्रतिक्रिया आई है। भारतीय काउंसिल ऑफ स्कॉटलैंड के अध्यक्ष नील लाल ने कहा, जब मंदिरों पर हमला होता है या हिंदू परिवारों पर फब्तियां कसी जाती हैं।

## ट्रंप टॉवर में हाई-वोल्टेज ड्रामा, इमारत की ऊंची जगह पर चढ़ा युवक; पुलिस ने किया गिरफ्तार

**वाशिंगटन, एजेंसी।** सोमवार को न्यूयॉर्क सिटी के मशहूर ट्रंप टॉवर में एक व्यक्ति के सबसे ऊंची जगह पर चढ़ने की घटना सामने आई। पुलिस ने बताया कि यह व्यक्ति मानसिक रूप से अस्थिर लग रहा था और उसे इमारत के अंदर एक ऊंची सतह पर देखा गया। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और उसे सुरक्षित हिरासत में ले लिया गया।

बता दें कि इस इमारत में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पेंटहाउस है। न्यूयॉर्क की सबसे उंची इमारतों में एक ट्रंप टॉवर की ये घटना शाम करीब 4-30 बजे की है। इस इमारत में निजी अपार्टमेंट, रेस्टोरेंट, दुकानें और एक ऊंचा सार्वजनिक एट्रियम है, जो आम लोगों और पर्यटकों के लिए खुला रहता है।

व्यक्ति को सुरक्षित नीचे उतारा गया घटनास्थल पर मौजूद कुछ लोगों ने इस घटना का वीडियो साझा किया, जिसमें देखा गया कि सुरक्षा कर्मी एट्रियम से लोगों को बाहर निकाल रहे हैं। पुलिस और एनवाईपीडी की इमरजेंसी सर्विस यूनिट के अधिकारी हेलमेट और सुरक्षा उपकरण पहनकर मौके पर पहुंचे और व्यक्ति को सुरक्षित नीचे उतारा। फिलहाल उस पर कौन-कौन से आरोप लगेंगे, यह साफ नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# चीन की अर्थव्यवस्था ने 2025 की शुरुआत में जबरदस्त छलांग लगाई

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन की अर्थव्यवस्था ने 2025 की पहली तिमाही में मजबूत शुरुआत की है। दुनियाभर में चल रही उथल-पुथल, अमेरिका के साथ व्यापार तनाव और वैश्विक मंदी की आशंकाओं के बावजूद चीन की वृद्धि उम्मीद से बेहतर रही। नवीनतम सरकारी आंकड़ों के अनुसार, जनवरी से मार्च के बीच चीन की जीडीपी में 5.4प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि है। इस तिमाही में चीन की जीडीपी 31.875 ट्रिलियन युआन थी, जो लगभग 4.3 ट्रिलियन डॉलर के बराबर है।

इस वृद्धि के पीछे कई सकारात्मक कारक रहे हैं, जिनमें लोगों की बढ़ती क्रय शक्ति, मजबूत कृषि उत्पादन, उच्च तकनीक विनिर्माण, बेहतर रोजगार और बाजार का भरोसा शामिल है। त्योहारी सीजन में लोगों ने खूब खर्च किया, जिससे सेवा क्षेत्र को भी बढ़ावा मिला। मार्च में औद्योगिक उत्पादन में 7.7प्रतिशत और पूरी तिमाही में 6.5प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं, उच्च तकनीक और उन्नत विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में भी मजबूत वृद्धि दर्ज की गई।

चीनी सरकार पारंपरिक उद्योगों को आधुनिक तकनीक से उन्नत करने का लगातार प्रयास कर रही है। नई गुणवत्ता वाली उत्पादक शक्तियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, चीन अपने विनिर्माण आधार को विज्ञान और नवाचार से जोड़ रहा है। डीपसीक एआई जैसे उदाहरण बताते हैं कि कैसे स्टार्टअप और नवीन तकनीक को अपनाने से देश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिल रही है।

तकनीक ने न केवल विनिर्माण बल्कि कृषि में भी अपना जादू दिखाया है। पहली तिमाही में फसल



उत्पादन में 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। शहरों में बेरोजगारी दर भी फरवरी के 5.4प्रतिशत से घटकर मार्च में 5.2प्रतिशत हो गई। वहीं, खुदरा बिक्री यानी उपभोक्ता वस्तुओं की बिक्री में भी 4.6प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो साफ तौर पर दर्शाता है कि लोग खरीदारी करने से नहीं हिचकिचा रहे हैं।

विदेशी व्यापार की बात करें तो चीन का कुल व्यापार 1.3प्रतिशत बढ़कर 10.3 ट्रिलियन युआन हो गया। मुख्य रूप से, आसियान और बीआरआई देशों के साथ व्यापार संबंधों ने चीन की वृद्धि का समर्थन किया है। आसियान के साथ व्यापार में 7.1प्रतिशत की वृद्धि हुई और बीआरआई देशों का योगदान चीन के कुल विदेशी व्यापार में 51.1प्रतिशत रहा।

चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की वियतनाम, मलेशिया और कंबोडिया की हालिया यात्राओं ने भी व्यापार संबंधों को नई ऊर्जा दी है। चीनी सरकार ने विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के लिए 2025 के लिए एक विशेष योजना भी शुरू की है, जिसमें विदेशों से अधिक निवेश आकर्षित करने के लिए 20 ठोस कदम शामिल हैं। भले ही संरक्षणवाद, भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिकी दबाव जैसी अंतरराष्ट्रीय चुनौतियां बनी हुई हैं, लेकिन चीन की अर्थव्यवस्था में लचीलापन दिख रहा है। नीति निर्माता इस साल के विकास लक्ष्य को हासिल करने के लिए सक्रिय मोड में हैं और बाजार के अनुकूल निर्णय ले रहे हैं। हालांकि, आगे का रास्ता बिल्कुल आसान नहीं है। ग्लोबल अनिश्चितता और अंदरूनी चुनौतियों से निपटने के लिए चीन को लगातार स्मार्ट फैसले लेने होंगे। लेकिन, जो रफ्तार अब तक दिखी है, वो बताती है कि चीन फिलहाल अपने आर्थिक मिशन में सही ट्रैक पर है।

# रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवाने को पूरी ताकत लगाएंगे डोनाल्ड ट्रंप, लंदन में होने जा रहा 'महासम्मेलन'

**लंदन, एजेंसी।** रूस और यूक्रेन के बीच युद्धविराम करवाने के लिए अमेरिका पूरी ताकत लगा रहा है। बुधवार को लंदन में अमेरिका यूरोपी और यूक्रेन के अधिकारियों के साथ बात करेगा। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो और डोनाल्ड ट्रंप के विशेष राजदूत स्टीव विटकॉफ और केथ केलोग फ्रांस, जर्मनी, यूके और यूक्रेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के साथ बातचीत करेंगे। सोमवार को यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा था, जैसा कि हमने पहले भी बिना शर्त सीजफायर पर सहमति जताई थी, एक बार फिर हम शांति की ओर आगे बढ़ने में विश्वास रखते हैं। यूके के प्रधानमंत्री केर स्टार्मर से फोन पर बात करने के बाद उन्होंने कहा था कि शांति के लिए पहला कदम बिना शर्त सीजफायर ही हो सकता है। हालांकि इस ईस्टर पर रूस ने जो कुछ किया है उससे लगता है कि वह युद्ध को लंबा खींचना चाहता है। पिछले सप्ताह पैरिस में भी अमेरिका ने संभावित सीजफायर डील को लेकर प्रस्ताव पेश किया था। अमेरिका ने रूस को यह भी ऑफर दिया था कि क्रीमिया पर उसके



अधिकार को मान्यता दी जाएगी। हालांकि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सहमत नहीं हुए। मामले से जुड़े जानकारों का कहना है कि इस डील में यूक्रेन के इक्षक्ष में शामिल होने पर रोक और कीव की सुरक्षा का वादा भी शामिल हो सकता है। बता दें कि रूस ने 2014 में व्लादिमीर पुतिन ने क्रीमिया पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद उन्होंने अपने एक्शन को जस्टिफाइ करने के लिए जनमत संग्रह करवाया। हालांकि रूस के इस कब्जे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता नहीं मिली। जेलेंस्की बार-बार कहते हैं कि वह इस इलाके पर रूस के आधिपत्य को स्वीकार नहीं करते हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव प्रचार के दौरान ही कहा था कि वह राष्ट्रपति बनते ही रूस और यूक्रेन का युद्ध रुकवा देंगे। हालांकि शुक्रवार को परेशान अमेरिका ने कह दिया कि अगर दोनों देश प्रस्ताव को स्वीकार नहीं करते और सकारात्मक दिशा में आगे नहीं बढ़ते तो वह प्रयास करना ही बंद कर देगा। वहीं रूस ने कहा है कि 30 घंटे के ईस्टर पॉज के बाद उसकी सेनाओं ने फिर से हमला शुरू कर दिया है।

## सिंधु नहर परियोजना के खिलाफ सिंध में सड़कों पर जनता

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में सिंधु नदी से छह नई नहरें खोदने के संघीय सरकार के प्रस्ताव के खिलाफ राष्ट्रवादी दल, वकील, किसान, लेखक और नागरिक समाज के सदस्यों समेत करीब 50 हजार लोग पूरे सिंध प्रांत में विरोध प्रदर्शन और धरना दे रहे हैं। उनका दावा है कि सरकार राज्य के जल संसाधनों को बर्बाद करने का प्रयास कर रही है। इस प्रयास के खिलाफ सिंध प्रांत में जन आंदोलन लगातार बढ़ता जा रहा है। खैरपुर में वकील लगातार तीन दिनों से धरना दे रहे हैं, जिससे पंजाब और सिंध के बीच यातायात जाम हो गया है। द बलूचिस्तान पोस्ट (टीबीपी) की एक रिपोर्ट के अनुसार, 72 करोड़ डॉलर की यह नहर परियोजना ग्रीन पाकिस्तान प्रयास का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य चोलिस्तान रेगिस्तान में सैन्य-संचालित कृषि व्यवसाय के लिए कृषि भूमि बनाने के लिए सिंधु से पानी निकालना है। टीबीपी के अनुसार, विरोधियों का दावा है कि यह योजना सिंध के जल अधिकारों का उल्लंघन करती है और राज्य के कृषि उद्योग को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाने की क्षमता रखती है। इसे लेकर सिंध के सभी शहरों में विरोध शिविर, शटडाउन हड़ताल और प्रदर्शन बढ़ गए



हैं। राष्ट्रवादी समूहों ने रेल परिचालन भी रोक दिया है। यहां तक कि सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के नेता बिलावल भुट्टो जरदारी ने परियोजना का विरोध कर गठबंधन छोड़ने की धमकी दी है। टीबीपी की रिपोर्ट के अनुसार, प्रदर्शनकारी सिंधु बचाओ जागरूकता मार्च के हिस्से के रूप में हैदराबाद में इकट्ठे हुए और घोषणा की कि वे तब तक नहीं रुकेंगे जब तक कि अनुमानित नहर परियोजना को पूरी तरह से छोड़ नहीं दिया जाता। एमक्यूएम के संस्थापक और नेता अल्ताफ हुसैन ने पहले सिंधु नदी से नई नहरों के विकास का कड़ा विरोध किया था और अब इस परियोजना को सिंध को पानी से वंचित करने और इसे शुष्क बनाने का एक जानबूझकर किया गया प्रयास बताया है।

# आव्रजन एजेंट रिकर्स द्वीप जेल में नहीं कर सकेंगे काम, न्यायाधीश ने न्यूयॉर्क के मेयर के आदेश पर लगाई रोक

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** संघीय आव्रजन एजेंट अब रिकर्स द्वीप जेल परिसर से काम नहीं कर सकेंगे। न्यूयॉर्क के संघीय न्यायाधीश ने मेयर एरिक एडम्स की ओर से आव्रजन एजेंटों को दी गई अनुमति पर अस्थायी रोक लगा दी है। एरिक एडम्स के आदेश के खिलाफ दायर मुकदमे पर 25 अप्रैल को सुनवाई होनी है। इससे पहले लिखित आदेश में न्यायाधीश मैरी रोसाडो ने मेयर को संघीय सरकार के साथ किसी भी समझौता ज्ञापन पर बातचीत, हस्ताक्षर या कार्यान्वयन की दिशा में कोई भी कदम उठाने से रोक दिया। न्यूयॉर्क मेयर एरिक एडम्स ने अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन और अन्य संघीय एजेंसियों को जेल परिसर में कार्यालय बनाए रखने की अनुमति दी थी। इसके खिलाफ न्यूयॉर्क सिटी काउंसिल ने न्यायालय में मुकदमा दायर करके कार्यकारी आदेश को रोकने की मांग की है। मुकदमे में डेमोक्रेट एडम्स पर न्याय विभाग द्वारा उनके खिलाफ आपराधिक आरोपों को वापस लेने के बदले में ट्रंप प्रशासन के साथ भ्रष्ट सौदेबाजी में प्रवेश करने का आरोप लगाया गया है। इस मुकदमे की सुनवाई 25 अप्रैल को होनी है। मुकदमे में कहा गया है कि जेल परिसर में आव्रजन एजेंटों और अन्य संघीय एजेंसियों की मौजूदगी उन्हें गिरोह और नशीली दवाओं से संबंधित जांच में सहायता करने की अनुमति देगी, लेकिन नागरिक आव्रजन प्रवर्तन में उनकी कोई भूमिका नहीं होगी। वहीं एडम्स के एक प्रवक्ता ने कहा कि सुनवाई से पहले शहर ट्रंप प्रशासन के साथ कोई समझौता नहीं करेगा। एडम्स ने पहले घोषणा की थी कि वह अपने पहले डिप्टी मेयर रैंडी मैस्ट्रो को रिकर्स द्वीप पर आव्रजन एजेंटों की वापसी पर सभी निर्णय लेने के लिए नियुक्त करेंगे ताकि किसी संघर्ष की स्थिति न बने। वहीं मैस्ट्रो ने पिछले सप्ताह कहा था



कि योजना पर संघीय सरकार के साथ चर्चा जारी है। सिटी काउंसिल के अध्यक्ष एड्रिएन एडम्स के प्रवक्ता जूलिया एगोस ने कहा कि परिषद ट्रंप प्रशासन और उसके एजेंटों द्वारा हमलों के खिलाफ सभी न्यूयॉर्क वासियों के अधिकारों और सुरक्षा की रक्षा करने का प्रयास कर रहा है। हम न्यायाधीश रोसाडो के निर्णय की सराहना करते हैं। उन्होंने शुक्रवार की सुनवाई तक प्रशासन और संघीय एजेंसियों के बीच किसी भी समझौते पर बातचीत या क्रियान्वयन को रोक दिया है ताकि समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। आव्रजन एजेंटों की पहले रिकर्स द्वीप में उपस्थिति थी, लेकिन 2014 में न्यूयॉर्क शहर के अभ्यारण्य कानूनों के तहत उन्हें आव्रजन प्रवर्तन के साथ सहयोग को सीमित करने के तहत वहां काम करने से प्रभावी रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया था।

# चीन ने अमेरिका को निर्यात की जाने वाले दुर्लभ खनिजों की सप्लाई रोकी

## टंगस्टन रॉड शिपमेंट में लगभग 84 प्रतिशत की गिरावट आई

**बीजिंग।**

दुनिया की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध और गहरा गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा 245 फीसदी का टैरिफ लगाए जाने के बाद चीन ने पहले अमेरिकी बोइंग विमानों को खरीदने से इनकार कर दिया था और अब उसने अमेरिका को दुर्लभ खनिजों की सप्लाई रोक दी है। सीमा शुल्क के आंकड़ों से पता चलता है कि अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले दुर्लभ खनिजों की सभी सप्लाई करीब-करीब रोक दी गई है। अमेरिकी टैरिफ वॉर का चीन द्वारा दिए गए इस जवाब से अमेरिकी निर्माताओं पर दबाव बढ़ गया है क्योंकि ये सभी चीनी माल पर ही निर्भर थे। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन ने सोलर पैनल और थर्मोइलेक्ट्रिक उपकरणों के निर्माण में इस्तेमाल में बड़े पैमाने पर उपयोग की जाने वाली धातु टेल्यूरियम के निर्यात में करीब 44 प्रतिशत की गिरावट आई है। टंगस्टन रॉड शिपमेंट में लगभग 84 प्रतिशत की गिरावट आई है, जबकि अन्य खनिज पदार्थ टंगस्टन के निर्यात में 77 प्रतिशत की गिरावट आई है। सीमा शुल्क के आंकड़ों के अनुसार, मोलिब्डेनम पाउडर, बिस्मथ उत्पादों और टंगस्टन सामग्री की अन्य तीन श्रेणियों सहित कुछ उत्पाद श्रेणियों के लिए शिपमेंट पूरी तरह से रोक दिए गए हैं। फरवरी में अमेरिका द्वारा चीन पर टैरिफ लगाए जाने के बाद से ही टंगस्टन, बिस्मथ, टेल्यूरियम, इंडियम और मोलिब्डेनम के निर्यात पर चीन ने प्रतिबंध लगाना शुरू कर दिया था। चीनी नियमों के मुताबिक निर्यातकों को इन खनिजों को विदेश भेजने से पहले सरकार की मंजूरी लेनी होती है। लेकिन अमेरिका से बढ़ते व्यापार युद्ध के बाद चीन सरकार ने इन निर्यातों पर बैन लगा दिया है। चीन की कोशिश है कि इस तरह का प्रतिबंध लगाकर अमेरिका पर दबाव बढ़ाया जा सके ताकि वह 245 फीसदी के टैरिफ को कम कर सके। इन खनिजों के निर्यात पर बैन और सप्लाई में आई बड़ी कमी से अमेरिका का न केवल सोलर पैनल और थर्मोइलेक्ट्रिक उपकरणों का निर्माण करने वाली कंपनियां और इंडस्ट्री दबाव में हैं बल्कि स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनियों से लेकर अत्याधुनिक सैन्य उपकरण बनाने वाली कंपनियां भी परेशान हैं।

# किफायती स्मार्टवॉच रेडमी वॉच मूव लॉन्च

**नई दिल्ली।**

भारत में चाइनीज कंपनी रेडमी ने एक किफायती स्मार्टवॉच रेडमी वॉच मूव लॉन्च किया है। ढेर सारे हेल्थ फीचर्स इसमें दिए गए हैं। इनमें हार्ट रेट मॉनिटरिंग, एसपीओ2, स्ट्रेस ट्रैकिंग और महिलाओं की हेल्थ मॉनिटरिंग शामिल है। इसके दाम सिर्फ 1999 रुपये हैं। कम दाम वाली रेडमी वॉच को लेकर दावा है कि यह सिंगल चार्ज में 14 दिन चल सकती है। रेडमी वॉच मूव में 1.85 इंच का एमोलेड डिस्प्ले दिया गया है। यह 600 निट्स की पीक ब्राइटनैस के साथ ऑलवेज ऑन डिस्प्ले की सुविधा ऑफर करता है। रेडमी वॉच मूव की भारत में शुरुआती कीमत 1999 रुपये है।

प्री-ऑर्डर्स 24 अप्रैल से शुरू हो जाएंगे। फ्लिपकार्ट से वॉच को खरीदा जा सकेगा। यह वॉच 4 कलर्स- सिल्वर स्प्रिंट, ब्लैक ड्रिफ्ट, ब्लू ब्लेज और गोल्डन रश में खरीदी जा सकेगी। रेडमी वॉच मूव सिर्फ 25 ग्राम की है। स्ट्रैप के साथ इसका वजन 39 ग्राम हो जाता है। इसमें 1.85 इंच का एमोलेड डिस्प्ले दिया गया है। पीक ब्राइटनैस 600 निट्स है। वॉच में ऑलवेज ऑन डिस्प्ले की सुविधा है। और 74 फीसदी स्क्रीन टु बॉडी रेशियो मिल जाता है। कंपनी दावा कर रही है कि वॉच का स्ट्रैप एंटीबैक्टीरियल और स्किन फ्रेंडली है यानी इसे पहनकर आपकी त्वचा को कोई नुकसान नहीं होगा। फंक्शनल क्राउन वॉच में लगाया गया है, जिसकी मदद से टैप, स्क्रॉल और वॉच को पावर ऑफ किया जा सकता है। रेडमी वॉच मूव में 300 एमएएच की बैटरी दी गई है।

महिलाओं की हेल्थ मॉनिटरिंग के लिए इसमें स्पेशल फीचर दिए गए हैं। ब्रीदिंग एक्सरसाइज में भी यह वॉच मदद करेगी। 140 से ज्यादा वर्कआउट मोड इस वॉच में दिए गए हैं। वॉच को आईपी68 रेटिंग मिली है, जो इसे धूल से प्रोटेक्शन देती है। दावा है कि वॉच को पहनकर 30 मिनट तक डेढ़ मीटर तक पानी की गहराई में उतरा जा सकता है। इस वॉच से फोन का म्यूजिक, कैमरा, अलार्म कंट्रोल हो सकता है। दावा है कि यह सिंगल चार्ज में 14 दिन चल सकती है। हालांकि ऑलवेज ऑन डिस्प्ले ऑन रहने पर 5 दिन का बैकअप मिलेगा। दावा है कि यह वॉच 97 फीसदी एक्युरेसी के साथ व्यक्ति की हेल्थ को मॉनिटर करती है। यह आपकी नींद को ट्रैक करेगी। दिन भर हार्ट रेट ट्रैक करेगी। स्ट्रेस को ट्रैक करेगी।

# महिंद्रा ने की एक्सईवी 9ई और बीई 6 लॉन्च



**मुंबई।**

हाल ही में महिंद्रा एंड महिंद्रा ने एक्सईवी 9ई और बीई 6 लॉन्च की है, तबसे गेम बदल गया है। खास तौर पर एक्सईवी 9ई को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। हाल ही में डायरेक्टर और एक्टर अनुराग कश्यप ने एक्सईवी 9ई खरीदी और अब ऑस्कर अवॉर्ड विनिंग म्यूजिक डायरेक्टर ए आर रहमान और पॉपुलर एक्ट्रेस कुब्रा सैत ने भी अपने लिए महिंद्रा की यह धांसू इलेक्ट्रिक एसयूवी खरीदी है। म्यूजिक कंपोजर ए आर रहमान और एक्ट्रेस कुब्रा सैत, दोनों ने रेड कलर की एक्सईवी 9ई खरीदी है। माना जा रहा है कि दोनों ने एक्सईवी 9ई का टॉप वेरिएंट खरीदा है, जिसकी एक्स शोरूम प्राइस 30.50 लाख रुपये है। वैसे इस इलेक्ट्रिक एसयूवी की एक्स शोरूम प्राइस 21.90 लाख रुपये से ही शुरू होती है। महिंद्रा की ब्रैंड न्यू इलेक्ट्रिक एसयूवी में 59 केडब्ल्यूएच से लेकर 79 केडब्ल्यूएच तक की बैटरी लगी है, जिनकी सिंगल चार्ज रेंज 542 किलोमीटर से लेकर 656 किलोमीटर तक है। महिंद्रा एक्सईवी 9ई 231 एचपी से लेकर 286 हॉर्सपावर और 380 न्यूटन मीटर तक का पिक टॉर्क जेनरेट करता है। इसमें आपको फास्ट चार्जिंग की भी सुविधा मिलती है। एक्सईवी 9ई महज 6.8 सेकेंड में 0-100 केएमपीएच की टॉप स्पीड पकड़ लेती है। एक्सईवी 9ई में आपको 207 एमएम का ग्राउंड क्लियरेंस मिलता है। बता दें कि इलेक्ट्रिक एसयूवी को लेकर लोगों में क्रेज बड़ी तेजी से बढ़ रहा है और फेहरिस्त में बड़े-बड़े फिल्म स्टार्स भी हैं।

# मारुति सुजुकी की प्रीमियम हैचबैक स्विफ्ट बिकी सबसे ज्यादा

**नई दिल्ली।**

बीते महीने की सेल्स रिपोर्ट देखें तो मारुति सुजुकी की प्रीमियम हैचबैक स्विफ्ट सबसे ज्यादा बिकी और फैमिली कार वैगनआर दूसरे पायदान पर रही। इसके बाद अर्टिगा और ब्रेजा जैसी एमपीवी और एसयूवी रही। दिलचस्प बात यह है कि मारुति की इन टॉप 4 कारों की बिक्री में पिछले महीने सालाना तौर पर भी बढ़ोतरी देखने को मिली। मारुति सुजुकी स्विफ्ट बीते मार्च में मारुति सुजुकी की सबसे ज्यादा बिकने वाली कार स्विफ्ट को 17,746 ग्राहक मिले और यह सालाना तौर पर करीब 13 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ है। स्विफ्ट को मार्च 2024 में 15,728 ग्राहक मिले थे। मारुति सुजुकी की सबसे पॉपुलर फैमिली कार वैगनआर की बीते मार्च में कुल 17,175 यूनिट बिकी और यह करीब 5 फीसदी की सालाना बढ़ोतरी के साथ है। मारुति सुजुकी अर्टिगा एमपीवी बीते मार्च में मारुति सुजुकी की तीसरी सबसे ज्यादा बिकने वाली कार रही और इसे 16,804 ग्राहक मिले। अर्टिगा की बिक्री में सालाना तौर पर करीब 13 फीसदी की बढ़ोतरी बीते मार्च में हुई है। मारुति सुजुकी की टॉप सेलिंग सेडान डिजायर बीते मार्च में 5वीं सबसे ज्यादा बिकने वाली कार रही और इसे 15,460 ग्राहकों ने खरीदा। डिजायर की बिक्री में सालाना तौर पर करीब 3 फीसदी की कमी देखी गई है। मारुति सुजुकी ब्रेजा की



बीते महीने 16,546 यूनिट बिकी है और यह कंपनी की 5वीं सबसे ज्यादा बिकने वाली कार रही। ब्रेजा की बिक्री में सालाना रूप से 13 फीसदी से ज्यादा की तेजी मार्च 2025 में दिखी है।

# भारतीय रियल एस्टेट सेक्टर में वृद्धि की सबसे बड़ी चुनौती

## साल 2022-24 के दौरान भारत में रियल एस्टेट इक्विटी निवेश 26.7 अरब डॉलर रहा

**नई दिल्ली।**

भारतीय रियल एस्टेट सेक्टर ने पिछले तीन वित्तीय वर्ष में शानदार प्रदर्शन किया है, जिसमें 26.7 अरब डॉलर का इक्विटी निवेश आकर्षित किया गया है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, मुंबई ने इसमें सबसे अधिक हिस्सा लिया है।

इस सफलता के पीछे मजबूत पूंजी प्रवाह, निवेशक भावना, और उचित मात्रा में संसाधनों का होना मुख्य कारण बना है। इस सेक्टर की वृद्धि में निरंतर तकनीकी और मानव संसाधनों की गहरी समझ, सही निवेशक भावना, और होनहारी रणनीतियों का मतलब है। इस वृद्धि के साथ आते हुए नए चुनौतियों पर ध्यान देना होगा, जो सुनिश्चित करेगा कि सेक्टर विकास के मार्ग में सुधारता करता रहे। परामर्श कंपनी ने कहा, साल 2022-24 के दौरान भारत में कुल रियल एस्टेट इक्विटी निवेश 26.7 अरब डॉलर रहा।

मुंबई 6.9 अरब डॉलर के उच्चतम प्रवाह के साथ रियल एस्टेट इक्विटी निवेश में शीर्ष पर रहा।

निवेश में उसकी हिस्सेदारी 26 प्रतिशत रही। इस अवधि के दौरान मुंबई, दिल्ली-एनसीआर और बेंगलुरु ने कुल मिलाकर लगभग 16.5 अरब डॉलर आकर्षित किए, जो कुल मिलाकर 62 प्रतिशत हिस्सा है। रिपोर्ट 'ब्रिक्स एंड बिलियन्स - मैपिंग द फाइनेंसिंग लैंडस्केप ऑफ रियल एस्टेट' में कहा गया, प्रवेश द्वार वाले शहरों का यह निरंतर प्रभुत्व निवेश-ग्रेड परियोजनाओं, मजबूत शहरी बुनियादी ढांचे, कुशल प्रतिभा पूल, परिसंपत्ति वर्गों में मजबूत मांग और लगातार संगठित हो रहे रियल एस्टेट पारिस्थितिकी तंत्र द्वारा प्रेरित था। भूमि/विकास स्थलों ने इक्विटी निवेश का सबसे बड़ा हिस्सा आकर्षित किया, जो कैलेंडर वर्ष 2022-24 के बीच कुल प्रवाह का 44 प्रतिशत था।

इसके बाद निर्मित कार्यालय परिसंपत्तियों का स्थान था, जिनकी हिस्सेदारी 32 प्रतिशत थी।

कैलेंडर वर्ष 2022 और 2024 के बीच, दूसरी श्रेणी के शहरों में कुल रियल एस्टेट इक्विटी निवेश का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा आया, जो लगभग तीन अरब डॉलर था।

# बिजली मंत्री ने नेपाल में अरूण तीन परियोजना की समीक्षा की

**सीमा पार पारेषण के लिए किया समझौता**

**नई दिल्ली।**

केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल ने नेपाल में 900 मेगावाट क्षमता की अरुण-तीन जलविद्युत परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। आधिकारिक बयान के अनुसार इस मौके पर नेपाल के ऊर्जा, जल संसाधन एवं सिंचाई मंत्री दीपक खड़का और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बयान में कहा गया है कि 'मनोहर लाल ने नेपाल के संखुवासभा जिले में 900 मेगावाट की अरुण-तीन जलविद्युत परियोजना क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाने और सतत विद्युत विकास के उद्देश्य से द्विपक्षीय रूप से ऊर्जा के क्षेत्र में उठाये गये महत्वपूर्ण कदमों की समीक्षा की। इस अवसर पर बिजली मंत्री ने बिजलीघर स्थल पर इलेक्ट्रोमैकेनिकल कार्यों का शुभारंभ किया। परियोजना के समय पर पूरा होने की दिशा में यह मील का पत्थर है। बाद में काठमांडू में मनोहर लाल और दीपक खड़का की उपस्थिति में, सार्वजनिक क्षेत्र की पावरग्रिड और नेपाल विद्युत प्राधिकरण (एनईए) के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।




# आयकर भुगतान के 'ई-पे टैक्स' शुरू

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने अपने आधिकारिक ऑनलाइन पोर्टल पर 'ई-पे टैक्स' सुविधा शुरू की है। विभाग ने कहा कि 'ई-पे टैक्स' के साथ सरलता का एक नया युग शुरू हो गया है। विभाग विभिन्न प्रक्रियाओं को आसान बनाकर करदाताओं की सुविधा के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। सरल और अधिक सुलभ भुगतान विधियों की आवश्यकता को समझते हुए, और करदाताओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक और कदम उठाते हुए, बैंकों में लंबी कतारें, थकाऊ फॉर्म भरना और अंतिम समय में कर भुगतान की चिंता के दिन अब खत्म हो गए हैं।

# दस लाख से अधिक कीमत के लक्जरी सामान पर अब एक प्रतिशत टीसीएस

**नई दिल्ली।** दस लाख रुपये से अधिक कीमत वाले हैंडबैग, कलाई घड़ी, जूते और स्पोर्ट्सवियर (खेल-कूद के पहनने वाले उत्पाद) जैसे लक्जरी सामान पर अब एक प्रतिशत 'स्रोत पर कर संग्रह' (टीसीएस) लगेगा। आयकर विभाग ने 22 अप्रैल से 10 लाख रुपये से अधिक की विशिष्ट लक्जरी वस्तुओं की बिक्री पर एक प्रतिशत की दर से टीसीएस की प्रयोज्यता को अधिसूचित किया है। लक्जरी (विलासिता वाली) वस्तुओं के लिए टीसीएस प्रावधान वित्त अधिनियम, 2024 के माध्यम से जुलाई, 2024 में प्रस्तुत बजट के भाग के रूप में पेश किया गया था। टीसीएस एकत्र करने का दायित्व विक्रेता पर होगा, जो अधिसूचित वस्तुओं जैसे कलाई घड़ी, कला वस्तुएं जैसे पेंटिंग, मूर्तियां और प्राचीन वस्तुएं, संग्रहणीय वस्तुएं जैसे सिक्के और टिकट, नौकाएं, हेलीकॉप्टर, लक्जरी हैंडबैग, धूप के चश्मे, जूते, उच्च श्रेणी के खेल परिधान और उपकरण, होम थिएटर सिस्टम और रेसिंग या पोलो के लिए घोड़े आदि के संबंध में होगा।

# श्रीनगर मार्ग पर हवाई किराये में कोई वृद्धि न हो: मंत्रालय

**नई दिल्ली।** नागर विमानन मंत्रालय ने एयरलाइन कंपनियों से कहा है कि श्रीनगर मार्ग पर हवाई किराये में कोई वृद्धि न की जाए। मंत्रालय ने कहा कि एयरलाइनें श्रीनगर के लिए अतिरिक्त उड़ानें की भी व्यवस्था करेंगी। दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में एक प्रमुख पर्यटक स्थल पर मंगलवार को आतंकवादियों ने हमला किया। एयर इंडिया और इंडिगो बुधवार को श्रीनगर से राष्ट्रीय राजधानी और मुंबई के लिए कुल चार अतिरिक्त उड़ानें संचालित कर रही हैं। एयरलाइनों ने टिकट पुनर्निर्धारण और रद्दीकरण शुल्क भी माफ कर दिया है।नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू ने सभी एयरलाइन कंपनियों के साथ तत्काल बैठक की और श्रीनगर मार्ग पर मूल्य वृद्धि के खिलाफ सख्त परामर्शिका जारी की। बुधवार को जारी आधिकारिक बयान में कहा गया कि एयरलाइनों को नियमित किराया स्तर बनाए रखने का निर्देश दिया गया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इस संवेदनशील समय के दौरान किसी भी यात्री पर बोझ न पड़े।

# सुजलॉन को एनटीपीसी से 378 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना मिली

**नई दिल्ली।** सुजलॉन को एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी से 378 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना मिली है, जिससे उसे एनटीपीसी से मिली कुल क्षमता 1,544 मेगावाट हो गई है। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि यह ऑर्डर सुजलॉन के बाजार नेतृत्व और टिकाऊ, बड़े पैमाने पर वृद्धि के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। सुजलॉन ने कहा कि दीर्घकालिक, उच्च प्रभाव वाली साझेदारी के निर्माण पर अपने रणनीतिक ध्यान को आगे बढ़ाते हुए, उसने एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एनजीईएल) के साथ अपनी सबसे बड़ी साझेदारी को 1,544 मेगावाट तक एकीकृत किया है, जिसमें हाल ही में 378 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना का ठेका दिया गया है। इस अनुबंध के तहत सुजलॉन 3.15 मेगावाट की रेटेड क्षमता वाले हाइब्रिड लैटिस टावर्स (एचएलटी) के साथ 120 एस144 विंड टर्बाइन जेनरेटर (डब्ल्यूटीजी) की आपूर्ति करेगी और परियोजना के लिए नींव, निर्माण और क्रियान्वयन का काम भी करेगी और रखरखाव और सेवाएं प्रदान करेगी।

# रुपया डॉलर के मुकाबले 15 पैसे गिरकर 85.34 पर खुला

**पिछले कारोबारी दिन रुपया चार पैसे की गिरावट के साथ 85.19 पर बंद हुआ था**




**मुंबई।**

रुपया बुधवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 15 पैसे गिरकर 85.34 पर आ गया। यह गिरावट डोनाल्ड ट्रंप के, खास तौर पर फेडरल रिजर्व और चीन के प्रति नरम रुख के कारण अमेरिकी मुद्रा में सुधार के बाद आई। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि मंगलवार को ट्रंप द्वारा फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल को बर्खास्त करने की धमकी से पीछे हटने के बाद बाजार को समर्थन मिला, क्योंकि ब्याज दरों में कटौती न करने के लिए उनके खिलाफ कई दिनों से आलोचना हो रही थी। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.24 पर खुला और शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले 85.34 तक गिर गया, जो पिछले बंद स्तर से 15 पैसे की गिरावट है। मंगलवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले चार पैसे की गिरावट के साथ 85.19 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की ताकत को मापने वाला सूचकांक 0.37 प्रतिशत की बढ़त के साथ 99.28 पर कारोबार कर रहा था।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

## सेंसेक्स 520 , निफ्टी 161अंक उछला

मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय शेयर बाजार बुधवार को तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आया है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में 520.90 अंक करीब 0.65 फीसदी बढ़कर 80,116.49 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला निफ्टी भी अंत में 161.70 अंक तकरीबन 0.67 फीसदी बढ़कर 24,328.95 पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की 30 कंपनियों में 24 के शेयरों में तेजी रही जबकि छह शेयरों में गिरावट रही। एचसीएल टेक के शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी आई। आईटी कंपनी के शेयर 8 फीसदी तक ऊपर आये। कंपनी के शेयरों में यह उछाल जनवरी-मार्च तिमाही के अच्छे परिणामों के कारण आये हैं। टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, टाटा मोटर्स, टीसीएस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, सन फार्मा, टाटा स्टील, भारती एयरटेल, मारुति, नेस्ले इंडिया, एलएन्डटी के शेयर मुख्य रुप से उछले हैं। बाजार जानकारों के अनुसार एचसीएल टेक और अन्य आईटी शेयरों के कारण बीएसई आईटी इंडेक्स में लगभग 4 फीसदी की तेजी आई जिससे बाजार को बल मिला। बीएसई आईटी इंडेक्स 4 फीसदी ऊपर आकर 34,842.92 पर बंद हुआ। वहीं विदेशी निवेशकों की खरीदारी से भी बाजार में उछाल आया है। विदेशी निवेशक पिछले पांच कारोबारी सत्र से नेट बायर बने हुए हैं। उन्होंने मंगलवार को घरेलू बाजारों में 1,290 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। इसके अलावा वैश्विक बाजारों में तेजी से भी घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। बीएसई सेंसेक्स छह महीने के बाद एक बार फिर 80 हजार के पार पहुंच गया। सेंसेक्स 25 अक्टूबर, 2025 को 663 अंक या 0.8




फीसदी की गिरावट के साथ 79,402 पर बंद हुआ था। सेंसेक्स पिछले पांच ट्रेडिंग सेशन में 4 फीसदी से ज्यादा बढ़ा है। वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार लगातार सातवें कारोबारी सत्र में मजबूती के साथ खुले। बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स खुलते ही 500 से ज्यादा अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी-50 तेजी के साथ 24,300 के पार चला गया। एचसीएल टेक के नेतृत्व में इन्फोसिस, टेक महिंद्रा जैसी आईटी स्टॉक्स में जोरदार तेजी से बाजार चढ़कर खुला। वहीं बीएसई सेंसेक्स मंगलवार को 187 अंक बढ़कर 79,595 पर बंद हुआ। जबकि निफ्टी50 41 अंक की बढ़त के साथ 24,167 पर बंद हुआ। वहीं एशियाई बाजारों में आज तेजी रही । इसका कारण वॉल स्ट्रीट से मिले सकारात्मक संकेत थे। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के चीन के साथ ट्रेड वार को कम करने को लेकर जताई गई संभावना रही । जापान का निक्केई 1.58 प्रतिशत ऊपर था, जबकि दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.12 प्रतिशत बढ़ा हुआ था। इसके अलावा अमेरिकी बाजारों में तेजी रही। एसएंडपी 500 इंडेक्स 2.51 प्रतिशत चढ़ा, जबकि नैस्डैक कंपोजिट और डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में क्रमशः 2.71 प्रतिशत और 2.66 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

# निफ्टी का लक्ष्य मार्च 2026 तक 24,970 पर पहुंचने की उम्मीद, नोमुरा पर भरोसा

**नई दिल्ली।**

ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म नोमुरा ने भारतीय शेयर बाजार को लेकर उम्मीदें बढ़ा दी हैं। फर्म ने निफ्टी 50 का लक्ष्य अब मार्च 2026 तक के लिए 24,970 तय कर दिया है, जो इससे पहले दिसंबर 2025 तक 23,784 था। नोमुरा का अनुमान है कि निफ्टी अब 2027 के लिए अनुमानित प्रति शेयर आय 1,280 रुपए के आधार पर 19.5 गुना के वैल्यूएशन पर ट्रेड कर सकता है, जो पहले 18.5 गुना था। यह संकेत देता है कि आने वाले वक्त में निफ्टी का वैल्यूएशन दायरा 17 से 20 गुना के बीच रह सकता है।वर्तमान में निफ्टी करीब 24 हजार के स्तर पर ट्रेड कर रहा है और इस महीने के निचले स्तर से यह करीब 10 फीसदी ऊपर है। नोमुरा का कहना है कि विदेशी निवेशकों की वापसी की संभावनाएं अब मजबूत हो गई हैं, खासतौर पर बीते छह महीनों की बिकवाली और अब बाजार में दिख रही स्थिरता को देखते हुए। यह निवेशकों के लिए एक सकारात्मक संकेत है, जो भारतीय बाजार में फिर से दिलचस्पी ले सकते हैं। नोमुरा ने कुछ सेक्टर्स को निवेश के लिहाज से आकर्षक बताया है। इनमें वित्तीय क्षेत्र को टॉप पर रखा है क्योंकि यहां वैल्यूएशन आकर्षक हैं और जोखिम भी अपेक्षाकृत कम है। इसके अलावा उपभोक्ता वस्तुएं, ऑटोमोबाइल, तेल और गैस, टेलीकॉम, बिजली, इंटरनेट और रियल एस्टेट जैसे सेक्टर्स में भी अच्छी संभावनाएं हैं। वहीं, हेल्थकेयर में भी कुछ चुनिंदा स्टॉक्स को प्राथमिकता देने की सलाह दी गई है। हालांकि, कुछ क्षेत्रों को लेकर ब्रोकरेज फर्म ने सतर्कता बरतने की सलाह दी है। आईटी, सीमेंट, मेटल्स और इंडस्ट्री जैसे




सेक्टर्स वैश्विक व्यापारिक तनाव से प्रभावित हो सकते हैं, जबकि फार्मा सेक्टर को अल्पकालिक टैरिफ जोखिम का सामना करना पड़ सकता है। भारत की मजबूत मैक्रोइकॉनॉमिक स्थिति, घटती तेल कीमतें और वैश्विक सप्लाई चेन में बदलाव के चलते भारत निवेशकों के लिए एक आकर्षक बाजार बना गया है।

# डीजीसीए ने एयरलाइन कंपनियों से श्रीनगर के लिए उड़ान संख्या बढ़ाने को कहा

**पुनर्निर्धारण शुल्क माफ करने पर भी विचार करने को कहा**

**नई दिल्ली।**

पहलगाम आतंकी हमले के बाद पर्यटकों की वापसी आसान हो इसके लिए विमानन नियामक डीजीसीए ने बुधवार को एयरलाइन कंपनियों से श्रीनगर से उड़ानों की संख्या बढ़ाने को कहा। इसके अलावा नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयरलाइन कंपनियों से श्रीनगर के लिए उड़ान टिकटों के लिए रद्दीकरण और पुनर्निर्धारण शुल्क माफ करने पर विचार करने को कहा है। डीजीसीए ने एक परामर्शिका जारी कर कहा कि पहलगाम में हुई घटना के बाद, अपने घर लौटने के इच्छुक पर्यटकों की ओर से मांग अप्रत्याशित रूप से बढ़ गई है। विमानन नियामक ने कहा कि इस संबंध में, एयरलाइन कंपनियों को सलाह दी जाती है कि वे बढ़ती मांग के जवाब में उड़ानों की संख्या बढ़ाने के लिए त्वरित कार्रवाई करें और साथ ही श्रीनगर से भारत भर के विभिन्न गंतव्यों तक निर्बाध संपर्क सुनिश्चित करें, ताकि फंसे हुए पर्यटकों को निकालने में सुविधा हो। नियामक ने कहा कि एयरलाइन कंपनियों को इस कठिन समय में अप्रत्याशित परिस्थितियों और चुनौतियों का सामना कर रहे पर्यटकों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए भी कहा गया है।



## उज्जवल निकम की बायोपिक से आमिर खान ने पीछे खींचे हाथ

बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में हैं। हालांकि, हाल ही में अभिनेता अपने फिल्मी करियर को लेकर सुर्खियों में हैं। इससे पहले खबर आई थी कि अभिनेता उज्ज्वल निकम की बायोपिक में काम कर सकते हैं। हालांकि, ताजा रिपोर्ट्स से पता चला है कि अभिनेता शायद इस फिल्म का हिस्सा नहीं होंगे।

### फिल्म से आमिर की छुट्टी

अभिनेता ने कथित तौर पर शेड्यूल टकराव के कारण महीनों तक बातचीत करने के बाद प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। हालांकि, यह प्रोजेक्ट अभी भी जारी है। फिल्मफेयर ने एक सूत्र के हवाले से बताया, आमिर उज्ज्वल निकम की बायोपिक में उनका किरदार निभाने के लिए विचार कर रहे थे, लेकिन लंबे समय तक चर्चा और इंतजार के बाद उन्होंने निर्माता दिनेश विजन को मना कर दिया। ऐसा नहीं है कि आमिर को यह प्रोजेक्ट या आइडिया पसंद नहीं आया।

### क्यों फिल्म नहीं करेंगे आमिर

रिपोर्ट में आगे दावा किया गया कि बात यह थी कि इस तरह के मूल्यवान और गंभीर काम के लिए समय निकाला जा सके। आमिर और उनके परिवार के पास इस प्रोजेक्ट पर काम करने के लिए जरूरी समय नहीं था। मैडॉक फिल्म्स इस प्रोजेक्ट का निर्माण कर रहा है। अब प्रोडक्शन हाउस ने नए प्रमुख अभिनेता की तलाश शुरू कर दी है।

### कौन हैं उज्ज्वल निकम

रिपोर्ट्स के अनुसार, आमिर खान को 2023 में एक प्रोजेक्ट के लिए संपर्क किया गया था, जहां वह उज्ज्वल निकम से प्रेरित एक हाई-प्रोफाइल वकील की भूमिका निभाने वाले थे। बता दें कि उज्ज्वल निकम एक हाई-प्रोफाइल वकील रहे हैं और उन्होंने कुछ ऐतिहासिक मामलों पर काम किया है, जिनमें गुलशन कुमार हत्या मामला और 1993 बॉम्बे ब्लास्ट मामला शामिल हैं।



## सलमान खान की इस सलाह ने बदल दी जैस्मिन भसीन की जिंदगी

रियलटी शो बिग बॉस से मशहूर होने वाली टीवी अभिनेत्री जैस्मिन भसीन इस शो को अपने करियर के लिए एक अहम पड़ाव मानती हैं। इसी शो में जैस्मिन को उनका प्यार मिला था, जब अली गोनी ने उनके लिए अपने प्यार का सार्वजनिक इजहार किया था। अब अभिनेत्री ने इस शो के दौरान मिली एक ऐसी सलाह का जिक्र किया, जिसने उनकी जिंदगी पर गहरा प्रभाव डाला। ये सलाह उन्हें किसी और ने नहीं बल्कि शो के होस्ट और बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने दी थी।



### सलमान की सलाह ने डाला जीवन पर गहरा प्रभाव

बॉलीवुड बबल के साथ बातचीत के दौरान जैस्मिन भसीन ने शो के दौरान के अपने खूबसूरत पलों को याद करते हुए सलमान खान द्वारा उन्हें दी गई एक सलाह का भी जिक्र किया। जिसने उनके जीवन पर गहरा प्रभाव छोड़ा। अभिनेत्री ने बताया कि कैसे सलमान के कुछ शब्दों ने उन्हें भावनात्मक रूप से अधिक खुला और आत्मविश्वासी बनने में मदद की। उसका उनके जीवन पर काफी प्रभाव पड़ा। जैस्मिन ने बताया कि सलमान खान ने मुझसे कहा था, जैस्मिन, तुम जितना सोचती हो, जो महसूस करती हो, तुम उसे जाहिर नहीं करती हो। बोलोगी तो नहीं पछताओगी। अगर नहीं बोलोगी, मन में रखोगी तो पछताओगी।

अब मैं ज्यादा एक्सप्रेसिव हो गई हूं जैस्मिन ने आगे कहा, सलमान खान ने एक एपिसोड के दौरान मुझे यह सलाह दी थी। मैंने इसे गंभीरता से लिया है और मेरा विश्वास करो, मैं बेहतर महसूस करती हूं। मैं पहले से ज्यादा एक्सप्रेसिव हो गई हूं। चाहे वह अच्छी बात हो या बुरी। पहले मैं सिर्फ अच्छा ही बोलती थी और अगर किसी को कुछ बुरा लगता था तो मैं नहीं बोलती थी। पर अब मैं अपने आप को ज्यादा एक्सप्रेस करती हूं और मैं उनकी इस सलाह के लिए बहुत आभारी हूं।

### बिग बॉस 14 से पॉपुलर हुई जैस्मिन

बिग बॉस 14 के बाद जैस्मिन भसीन काफी लोकप्रिय हो गईं। वो सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहने लगीं। इसी शो के दौरान जैस्मिन भसीन और अली गोनी का अफेयर खुलकर सामने आया था। दोनों अभी भी रिश्ते में हैं और दोनों की शादी की खबरें अक्सर चर्चाओं में बनी रहती हैं। हालांकि, अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।




## जिद्दी राजकुमार की आमकुमारी से मुलाकात की शाही प्रेम कहानी है द रॉयल्स

ईशान खट्टर और भूमि पेडनेकर की वेब सीरीज द रॉयल्स को अब देखने के लिए और ज्यादा इंतजार नहीं करना होगा, क्योंकि फिल्म निर्माताओं ने इसकी ओटीटी रिलीज से पर्दा उठा दिया है।

भूमि पेडनेकर और ईशान खट्टर पहली बार किसी वेब सीरीज में रोमांस करते नजर आएंगे। यह पहली बार है जब दोनों की जोड़ी एक साथ ओटीटी प्लेटफॉर्म पर एक साथ नजर आएगी। वेब सीरीज द रॉयल्स की आज ओटीटी रिलीज की घोषणा हो गई है, जिससे वेब सीरीज को लेकर प्रशंसकों की उत्सुकता और अधिक बढ़ गई है। यह फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी वेब सीरीज है, जो खस्ताहाल मोरपुर पैलेस पर आधारित है, जहां आर्थिक रूप से संघर्षरत शाही परिवार का सामना एक दृढ़ निश्चयी सीईओ, सोफिया शेखर से होता है।

नेटफ्लिक्स ने आज अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक नए पोस्टर के साथ द रॉयल्स की ओटीटी रिलीज डेट की जानकारी शेयर की है, जिससे प्रशंसक बेहद खुश हैं। नेटफ्लिक्स ने ईशान और भूमि की एक रोमांटिक तस्वीर शेयर की है, जिसमें दोनों एक-दूजे को गले लगाते नजर आ रहे हैं। इस शानदार तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, जिद्दी राजकुमार की मुलाकात गर्लबॉस आमकुमारी से होती है। रॉयल मेस, या शाही प्रेम कहानी? 9 मई को नेटफ्लिक्स पर आने वाली नई सीरीज द रॉयल्स देखें, सिर्फ नेटफ्लिक्स पर।

द रॉयल्स एक शाही रोमांटिक कॉमेडी है, जिसमें एक ट्विस्ट है। यह शाही परिवार खिताबों से भरा हुआ है लेकिन खजाने से कंगाल है। जब कॉरपोरेट जगत की एक तेज-तर्रार सीईओ सोफिया शेखर उनके जीवन में एंट्री करती है, तो महल की किस्मत को ठीक करना उसका मिशन बन जाता है। लेकिन मोरपुर के लाड़ले राजकुमार अविराज सिंह एक कहानी में एक नया मोड़ लेकर आते हैं। द रॉयल्स की नेटफ्लिक्स पर 9 मई से स्ट्रीमिंग शुरू होगी। इसमें ईशान और भूमि के अलावा जीनत अमान, साक्षी तंवर,नोरा फतेही, डिनो मोरिया, मिलिंद सोमन, चंकी पांडे,विहान सामत, सुमुखी सुरेश, उदित अरोड़ा, लिसा मिश्रा और ल्यूक केनी जैसे कलाकार नजर आएंगे। वेब सीरीज का निर्देशन प्रियंका घोष और नुपुर अस्थाना ने किया है। इसका लेखन नेहा वीना और निर्माण प्रीतीश नंदी ने किया है।

## निकिता दत्ता ने बताया असल जिंदगी में कैसे हैं जयदीप अहलावत



जयदीप अहलावत इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'ज्वेल थीफ- द हीस्ट बिगिन्स' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। जयदीप अहलावत अपने इंटेंस रोल और शानदार अभिनय के लिए जाने जाते हैं। वो अक्सर पर्दे पर गंभीर भूमिकाओं में ही दिखाई देते हैं। लेकिन क्या जयदीप अहलावत असल जिंदगी में भी अपने किरदारों के जितना ही गंभीर हैं ? इस बारे में बात की है 'ज्वेल थीफ' में जयदीप अहलावत की को-स्टार निकिता दत्ता ने। बातचीत में निकिता दत्ता ने जयदीप अहलावत के ऑफ स्क्रीन व्यक्तित्व के बारे में बात करते हुए कहा, ऑफ कैमरा जयदीप अहलावत इतने गंभीर नहीं हैं। वह वास्तव में एक फनी इंसान हैं। फिल्म के कुछ मुश्किल सीन के समय उन्होंने काफी मदद की और उनसे काफी कुछ सीखने को मिला। फिल्म में एक सीन था जिसमें मैं सिगरेट पकड़े हुए हूं और एक नॉन-स्मोकर होने के नाते मुझे उस सीन में चुनौती का सामना करना पड़ रहा था। मैं इस बात को लेकर सतर्क हो रही थी कि इसे कैसे पकड़ना है, कहां धूम्रपान करना है, कैमरे पर यह कैसा दिखेगा और भी बहुत कुछ। तभी जयदीप अहलावत आराम से आए और उन्होंने सुझाव दिया, जिसे मानना काफी आसान था। यह वाकई में हैरान करने वाला था। वह चुपचाप आते हैं और विनम्रता और सहजता से सुझाव देते हैं।

### 25 अप्रैल से स्ट्रीम होगी 'ज्वेल थीफ'

'ज्वेल थीफ' में जयदीप अहलावत औलक के किरदार में हैं, जो अफ्रीका के सबसे कीमती हीरे, रेड सन को हासिल करने के लिए जुनूनी शक्तिशाली टाइकून है। सैफ अली खान एक रहस्यमय चोर की भूमिका निभा रहे हैं, जिसे औलक ने हीरे को चुराने में मदद करने के लिए काम पर रखा है। वहीं कुणाल कपूर एक पुलिस वाले की भूमिका में और निकिता दत्ता फिल्म की फीमेल लीड के रूप में नजर आएंगी। कुकी गुलाटी और रॉबी ग्रेवाल द्वारा निर्देशित 'ज्वेल थीफ - द हीस्ट बिगिन्स' 25 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।





## 'चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान' में नजर आएंगे रोनित

**रोनित रॉय जल्द ही सीरियल 'चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान' में राजा सोमेश्वर चौहान की भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे। कुछ दिन पहले ही अपने इंस्टाग्राम पेज पर अभिनेता से इस सीरियल से जुड़ा एक प्रोमो साझा किया। रोनित रॉय पहले भी कई मशहूर टीवी सीरियल का हिस्सा रहे हैं, जानिए उन्हीं कुछ चर्चित टीवी सीरियल के बारे में।**

### कसौटी जिंदगी की

साल 2001 में सीरियल 'कसौटी जिंदगी की' में श्वेता तिवारी ने प्रेरणा नाम की लड़की का रोल किया था, रोनित रॉय भी इस सीरियल में नजर आए। रोनित ने मिस्टर बजाज का किरदार निभाया। मिस्टर बजाज, प्रेरणा से बेइंतहा मोहब्बत करता था। दर्शकों को भी रोनित का यह किरदार काफी पसंद आया।

### क्योंकि सास भी कभी बहू थी

टीवी का सबसे चर्चित टीवी सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी(2000)' में भी रोनित रॉय ने मिहिर का किरदार निभाया। पहले इस किरदार को अमर उपाध्याय ने निभाया था। सीरियल में तुलसी (स्मृति ईरानी) नाम की महिला और उसके गुजराती ससुराल की कहानी थी। रोनित ने तुलसी के पति मिहिर का रोल इस टीवी सीरियल में किया।

### अदालत

साल 2010 में रोनित रॉय ने एक कोर्टरूम ड्रामा सीरियल 'अदालत' किया। इसमें उन्होंने वकील के.डी पाठक का किरदार किया। सीरियल में रोनित के किरदार को दर्शकों ने काफी सराहा, यह सीरियल सास-बहू ड्रामा से बिल्कुल अलग था।

### बंदिनी

साल 2009 में रोनित रॉय ने एक सीरियल 'बंदिनी' किया। इसमें अभिनेता ने धर्मराज शक्ति सिंह का किरदार निभाया, जिसकी शादी अपने से आधी उम्र की लड़की से हो जाती है। जिस जोड़े में एज गैप होता है, उनके बीच प्यार की कहानी कैसे बनती है? यही सीरियल की कहानी थी। सीरियल में हीरोइन का रोल आसिया काजी ने निभाया था।

### इतना करो ना मुझे प्यार

2014 में सीरियल 'इतना करो ना मुझे प्यार' में रोनित रॉय और पल्लवी कुलकर्णी साथ नजर आए। इस सीरियल में नील और रागिनी की कहानी थी, जो किसी कारण से अलग हो गए, इनके बीच तलाक हो गया। सालों बाद ये मिलते हैं, तो इनके बीच फिर से एक प्रेम कहानी शुरू होती है।

## विजय वर्मा और फातिमा सना शेख की उल जलूल इश्क को मिला नया शीर्षक

विजय वर्मा और फातिमा सना शेख की आने वाली फिल्म उल जलूल इश्क का नाम बदल दिया गया है। फैशन आइकन मनीष मल्होत्रा द्वारा निर्मित इस रोमांटिक ड्रामा का नाम अब आधिकारिक तौर पर गुस्ताख इश्क रखा गया है। यह अपडेट खुद मल्होत्रा ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया। उन्होंने एक नया पोस्टर भी जारी किया, जिसमें विजय और फातिमा एक दूसरे को गले लगाते हुए दिखाई दे रही है। इस फिल्म का निर्देशन विभु पुरी करेंगे, जो 2015 में आई फिल्म हवाईजादा के लिए जाने जाते हैं।

जनवरी में मनीष मल्होत्रा ने भी स्टार-स्टडेड कास्ट को प्रशंसकों से मिलवाया था। बन टिक्की और ट्रेन फॉम छपरौला के बाद यह मल्होत्रा का स्टेज 5 प्रोडक्शन के बैनर तले तीसरा प्रोजेक्ट है।

फिल्म का निर्माण और कलाकार फिल्म के अनाउंसमेंट के दौरान मनीष ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट भी शेयर किया था, जिसमें लिखा था, बेवकूफियां, नादान गलतियां, बड़ी भूल है इश्क, सच पूछिए तो मेरे हुजूर उल जलूल है इश्क। मुझे हमारे स्टेज 5 प्रोडक्शन के तीसरे फिल्म प्रोडक्शन की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है। विभु पुरी द्वारा लिखित और निर्देशित एक खूबसूरत फिल्म उल जलूल इश्क फिल्म की शूटिंग 9 जनवरी से इन बेहद प्रतिभाशाली कलाकारों नसीरुद्दीन शाह, विजय वर्मा, फातिमा सना शेख के साथ शुरू होगी।



समाचार गेट
HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर 61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरबी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: कृष्णदत्त शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# गुरूग्राम में 400 नई इलैक्ट्रिक बसें संचालित की जाएगी : मुख्यमंत्री



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**गुरूग्राम।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आगामी 31 मई के पश्चात गुरूग्रामवासियों को कुल 670 एमएलडी जलापूर्ति की जाएगी। इसके लिए आज उनके द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिए गए है ताकि गर्मी के मौसम को देखते हुए लोगों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हों। इसके अलावा, उन्होंने बताया कि गुरूग्राम में 400 नई इलैक्ट्रिक बसें भी संचालित की जाएगी। मुख्यमंत्री आज यहां गुरूग्राम मैट्रोपोलिटन विकास प्राधिकरण की 14वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। आज की बैठक में विकास की गति को तेज करने के लिए लगभग 3034.82 करोड रूपए के बजट को भी मंजूरी दी गई है। बैठक में उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह, विधायक तेजपाल तंवर, बिमला चौधरी और मुकेश शर्मा भी उपस्थित रहें। बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरूग्राम में विकास को तेजी से करने के लिए चल रहे कार्यों की गति को बढाया जाए ताकि लोगों को समयबद्ध तरीके से सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

जीएमडीए की पिछली बैठक के संबंध में लिए गए निर्णयों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कुडा-कचरा उठाने वाली कंपनी इकोग्रीन को एक नया नोटिस भेजा जाए और उसकी प्रोपर्टी एटैच करके सख्त कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि इस मामले में यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी संलिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ भी कार्यवाही की जाए। इसी प्रकार, रेनवाटर हारवेस्टिंग के बारे में जानकारी हासिल करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को लताड लगाते हुए कहा कि आगामी 10 दिन के अंदर-अंदर टेंडर करें और कार्यवाही अमल में लाए।

# हरियाणा में अब तक 55.89 लाख मीट्रिक टन गेंहू की खरीद हुई : राजेश नागर

**मंत्री राजेश नागर ने अधिकारियों को अनाज के समय पर उठान और किसानों की पेमेंट को सुचारू रखने के दिए निर्देश**




**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार के खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने आज चंडीगढ़ में विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर अनाज मंडियों से समय पर अनाज के उठान और किसानों को पेमेंट ट्रांसफर आदि की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि हरियाणा में एक अप्रैल से मंडियों में अनाज की खरीद शुरू हो चुकी है। जिसके अंतर्गत आज 22 अप्रैल तक प्रदेश की मंडियों में 55.89 लाख मीट्रिक टन गेंहू की खरीद हो चुकी है, जिसमें से करीब 26.36 लाख मीट्रिक टन गेंहू का उठान भी हो गया है। यह अनाज प्रदेश के करीब तीन लाख 43 हजार 630 किसानों से खरीदा गया है और उनके खातों में 5556.81 करोड़ रुपये की राशि ट्रांसफर भी की जा चुकी है। नागर ने बताया कि व्यवस्थाओं में सुधार हुआ है। यही कारण है कि पिछले वर्ष 22 अप्रैल तक कुल 44.53 लाख मीट्रिक टन गेंहू की खरीद हुई थी जबकि इस वर्ष यह करीब 11 लाख मीट्रिक टन ज्यादा है।

मंत्री राजेश नागर ने बताया कि प्रदेश में खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग, हेफेड, हरियाणा वेयर हाउसिंग कारपोरेशन और भारतीय खाद्य निगम मिलकर गेंहू की खरीद कर रहा है। जिनके बीच बेहतर तालमेल बनाया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सरसों की खरीद हेफेड और हरियाणा वेयर हाउसिंग कारपोरेशन कर रहा है जिसके अंतर्गत 22 अप्रैल तक 6.23 लाख मीट्रिक टन सरसों की खरीद की जा चुकी है और इसमें से करीब 4.47 लाख मीट्रिक टन सरसों का उठान भी कर लिया गया है। मंत्री राजेश नागर ने बताया कि 2459.04 करोड़ रुपये भी सरसों किसानों के खातों में ट्रांसफर कर दिए गए हैं। मंत्री राजेश नागर ने बताया कि आज की बैठक में अधिकारियों को किसानों के अनाज की खरीद और समय पर उसके उठान एवं पेमेंट को व्यवस्थित बनाए रखने के लिए निर्देश दिए गए हैं। अभी तक की व्यवस्था ठीक चल रही है और हम पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। प्रदेश की नायब सैनी सरकार किसानों की हितैषी सरकार है जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर 140 करोड़ लोगों के विश्वास में अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभा रही है।

# भक्त भगवान को पुकारते है तो भगवान उनको दर्शन जरूर देते है : भागवत व्यास सुश्री कृष्ण संध्या



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लभगढ़।** श्री सियाराम हनुमान मंदिर ब्राह्मण वाडा के प्रांगण में श्री सियाराम हनुमान मंदिर सभा (रजिस्टर्ड)द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन रविवार को भागवत व्यास सुश्री कृष्ण संध्या जी ने भक्तों से कहा कि परमात्मा का नाम सदा जपते रहो सुख हो या दुख हो सब बात भगवान से कहो।उन्होंने कहा कि जब जब भक्त भगवान को पुकारते है तो भगवान उनको दर्शन जरूर देते है।पशु भी जब दुख में उनको पुकारते हे जैसे कि हाथी ने अपने जीवन की रक्षा के लिए भगवान को पुकारा तो भगवान ने उसकी जान बचाई और मगरमच्छ का भी उद्धार किया।आगे कथा कहते हुए सुश्री कृष्ण संध्या जी ने भगवान श्री कृष्ण के जन्म की कथा सुनाई। जिसे सुनकर सभी श्रोता भक्ति में लीन हो गए।जिसमें उन्होंने श्री कृष्ण से संस्कार की सीख लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण स्वयं जानते थे कि वह परमात्मा हैं उसके बाद भी वह अपने माता पिता के चरणों को प्रणाम करने में कभी संकोच नहीं करते थे।श्रीमद् भागवत कथा के माध्यम से भागवत व्यास सुश्री कृष्ण व्यास ने पहले धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष की महत्ता पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने कहा कि जब-जब धरा पर अत्याचार, दुराचार, पापाचार बढ़ा है, तब-तब प्रभु का अवतार हुआ है।प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। जब धरा पर मथुरा के राजा कंस के अत्याचार अत्यधिक बढ़ गए, तब धरती की करुण पुकार सुनकर श्री हरि विष्णु ने देवकी माता के अष्टम पुत्र के रूप में भगवान श्री कृष्ण ने जन्म लिया। उन्होंने कहा कि प्रभु हमें समझाना चाहते हैं कि सृष्टि का सार तत्व परमात्मा है। इसलिए असार यानी संसार के नश्वर भोग पदार्थों की प्राप्ति में अपने समय, साधन और सामर्थ को अपव्यय करने की जगह हमें अपने अंदर स्थित परमात्मा को प्राप्त करने का लक्ष्य रखना चाहिए। इसी से जीवन का कल्याण संभव है। कथा व्यास ने बताया कि वास्तविकता में श्रीकृष्ण केवल ग्वाल-बालों के सखा भर नहीं थे, बल्कि उन्हें दीक्षित करने वाले जगद्गुरु भी थे। श्रीकृष्ण ने उनकी आत्मा का जागरण किया और फिर आत्मिक स्तर पर स्थित रहकर सुंदर जीवन जीने का अनूठा पाठ पढ़ाया।कृष्ण जन्म के उपलक्ष्य ट्रस्ट द्वारा माखन मिश्री का भोग लगाया गया और सभी भक्तों के साथ बधाई गाते हुए फूल वर्षा टॉफी खिलौने की वर्षा की।

# अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में चल रहे रेड क्रॉस शिविर के दूसरे दिन पढ़ाया मानवता का पाठ



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लभगढ़।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, हरियाणा स्टेट ब्रांच, चंडीगढ़ के सौजन्य से अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में पांच दिवसीय जिला स्तरीय यूथ रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर चल रहा है गौरतलब है कि यह शिविर 22 से 26 अप्रैल, 2025 तक चलेगा। शिविर के आयोजन का श्रेय अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान एवं अग्रवाल कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार गुप्ता व महासचिव एडवोकेट दिनेश कुमार गुप्ता जी को जाता है। कॉलेज के विद्यार्थियों में सामाजिक कल्याण, समाज सेवा के भाव एवं नैतिक मूल्यों को विकसित करने के उद्देश्य से अनेका नेक कैंप आयोजित किए जाते हैं। शिविर के दूसरे दिन जिला प्रशिक्षण अधिकारी इशांक कौशिक ने रेड क्रॉस के इतिहास के बारे में सभी को बताया कि कैसे प्रथम विश्व के दौरान युद्ध में घायलों की मदद के लिए सर जीन हेनरी ड्यूनांट ने रेड क्रॉस का गठन किया। उन्होंने प्रोफेशनल फर्स्ट एड ट्रेनिंग से रोजगार के अवसरों की विस्तृत जानकारी दी व आपदा प्रबंधन के नियमों के बारे में भी स्वयंसेवकों को बताया। वहीं आजीवन रेड क्रॉस के सदस्य व फर्स्ट एड ट्रेनर दर्शन भाटिया ने संतुलित आहार, पट्टी बांधने के तरीकों से स्वयंसेवकों को अवगत कराया व बताया कि आज के युवा किस तरह से फास्ट फूड का सेवन करके अपने स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है और हम मौसम के फल, सब्जियां व सलाद खाकर अपने आपको स्वास्थ्य रख सकते हैं। इस पांच दिवसीय शिविर में रक्तदान, प्राथमिक चिकित्सा, स्वच्छता, आपदा प्रबंधन, टीवी, एड्स, सड़क सुरक्षा व नशामुक्ति जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी। इस शिविर में फरीदाबाद जिले के कॉलेजों के लगभग 50 स्वयंसेवक व काउंसलर भाग ले रहे हैं। कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य, इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष व रेड क्रॉस के पूर्व कोऑर्डिनेटर डॉ० जयपाल सिंह जी ने शिविर का औपचारिक निरीक्षण किया व स्वयंसेवकों को अनुशासन में रहते हुए अधिक से अधिक ज्ञान अर्जित करने की सलाह भी दी। इस अवसर पर कैंप कोऑर्डिनेटर श्रीमती पूजा, सुभाष, लवकेश व अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन की वाईआरसी काउंसलर श्रीमती कविता अहलावत आदि उपस्थित रहे।

# खजानी वूमेन्स वोकेशनल इंस्टीट्यूट की छात्राओं ने पहलगाम हमले में शहीद हुए पर्यटकों को श्रृद्धांजलि दी




**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** एनआईटी स्थित खजानी वूमेन्स वोकेशनल इंस्टीट्यूट ने पहलगाम के बैसरन में हुए आंतकवादी हमले में शहीद हुए 28 निहत्थे पर्यटकों जिनमें 2 विदेश नागरिक भी शामिल थे को नम आंखों से श्रृद्धांजलि दी। इस अवसर पर छात्राओं ने पहलगाम हमले के शहीदों को श्रृद्धांजलि मोदी जी आंतकवाद और आंतकियों का सफाया करो, आंतकवाद के खिलाफ एकजुट हो देश और पहलगाम के शहीदों का बदला लो जैसे सलोगन लिखकर अपना दुख व्यक्त किया। इस मौके पर खजानी वूमेन्स वोकेशनल इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर संजय चौधरी ने कहा कि यह कायराना हमला है जिसकी जितनी भी निंदा की जाए वो कम है और अब समय आ गया है जब हमें पाकिस्तान से सारे रिश्ते नाते तोडकर उसे माकूल जवाब देना चाहिए। उन्होनें कहा कि पाकिस्तान हमेशा पीठ पर वार करता है तभी तो उसके द्वारा प्रायोजित आंतकवादियों ने पिकनिक मनाने परिवार सहित पहलगाम गए निहत्थे पर्यटकों पर हमला किया क्योकि सामने से लडने. की ताकत उनमें नहीं है। संजय चौधरी ने कहा कि देश के लोगों की संवेदनाएं इस हमले में शहीद हुए पर्यटकों के परिवार वालों के साथ है और पूरा देश अब निर्णनायक लड़ाई के लिए तैयार खड़ा है।

# 40 घंटे का सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग प्रोग्राम संपन्न



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल कॉलेज वल्लभगढ़ के वूमेन सेल ने हरियाणा किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के सहयोग से सत्र 2024-25 के लिए 40 घंटे का 8वां मेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया और आत्मरक्षा के विभिन्न तरीके सीखे। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. इनायत चौधरी, इंचार्ज वूमेन सेल थीं, और कार्यक्रम का आयोजन अध्यक्ष देविंदर कुमार गुप्ता और महासचिव दिनेश गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को विभिन्न आत्मरक्षा तकनीकें सिखाई गई जैसे कि किकबॉक्सिंग और अन्य मार्शल आर्ट्स। कार्यक्रम के समापन समारोह में 40 छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। डॉ. जयपाल एसोसिएट प्रोफेसर और हेड ऑफ डिपार्टमेंट हिस्ट्री भी उपस्थित रहे। आत्मरक्षा प्रशिक्षण महिलाओं और लड़कियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह उन्हें अपने अधिकारों के लिए लड़ने और अपनी सुरक्षा करने में मदद करता है। आत्मरक्षा प्रशिक्षण न केवल शारीरिक सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह आत्मविश्वास और मानसिक मजबूती भी प्रदान करता है।

फ्री होम डिलीवरी, अखबार की कटिंग साथ लाने पर 10 प्रतिशत की छूट
संपर्क करें: 9811153271

# पेंडिंग शिकायतें जल्द की जाए दूर : स्वप्निल रविन्द्र पाटिल एडिशनल कमिश्नर निगम




**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** नगर निगम को प्राप्त शिकायतों में से पेंडिंग शिकायतों को जल्द से जल्द निपटाने के लिए आज सभी संबंधित अधिकारियों को नगर निगम के एडिशनल कमिश्नर स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने सख्त दिशा निर्देश दिए हैं कि आमजन की पेंडिंग शिकायतों का तुरंत समाधान कराएं। बता दे कि हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश भर में समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं इन समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों को सरकार के दिशा निर्देशों पर जल्द से जल्द निपटाया जा रहा है, लेकिन कुछ शिकायतें लंबित रह जाती हैं उसी को मद्देनजर निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास के मार्गदर्शन में यह समीक्षा बैठक की गई। एडिशनल कमिश्नर नगर निगम स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि शहर वासियों को प्रॉपर्टी आई डी से संबंधित लाल डोरा सर्टिफिकेट और सेल्फ सर्टिफिकेशन से संबंधित किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं आनी चाहिए। बैठक में निगम के एडिशनल म्युनिसिपल कमिश्नर विजयपाल यादव, ज्वाइंट कमिश्नर राजेश प्रजापति, जॉइंट कमिश्नर द्विजा, कार्यकारी अभियंता ओम दत्त, कार्यवाही अभियंता ओपी कर्दम, निगम के स्वास्थ्य अधिकारी नीतीश परवाल, सीनियर आर्किटेक्ट बी एस ढिल्लों सहित लंबित शिकायतों से संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।







| कैटेगरी | दवाइंडिया की कीमतें | दवाई की मार्केट में औसतन कीमत | बचत (प्रतिशत) |
|---|---|---|---|
| बीपी एवं हार्ट | ₹ 20 (10 Tab) | ₹ 67 (10 Tab) | 70% |
| एंटी-डायबिटीज | ₹ 30 (15 Tab) | ₹ 204 (15 Tab) | 85% |
| मल्टीविटामिन | ₹ 50 (15 Tab) | ₹ 110 (15 Tab) | 54% |
| नेफ्रो | ₹ 33 (10 Tab) | ₹ 347 (10 Tab) | 90% |
| दर्द | ₹ 45 (04 Tab) | ₹ 99 (04 Tab) | 54% |
| पेन रिलीफ मेडिसिन | ₹ 35 (10 Tab) | ₹ 130 (10 Tab) | 73% |
| एंटी-कोल्ड / एलर्जी | ₹ 27 (10 Tab) | ₹ 226 (10 Tab) | 88% |
| एंटासिड | ₹ 25 (10 Tab) | ₹ 140 (10 Tab) | 82% |